




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा





**विविधा**

कोलकाता में गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में वामपंथी दलों के सदस्य रैली में भाग लेते हुए...




**देश-विदेश**

भारत ने रूस से तेल खरीदने में नहीं तोड़े नियम, ट्रंप के करीबी नवारो पर हरदीप सिंह पुरी का पलटवार



**फीचर पेज**

आईशैडो को मेकअप के लिए इन 5 तरीकों से करें इस्तेमाल, मिलेगा बेहतरीन लुक




# पवन खेड़ा के पास दो-दो वोटर कार्ड, राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप पर बीजेपी ने कांग्रेस को घेरा

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी के वोट चोरी का आरोप के बाद अब बीजेपी ने ही कांग्रेस पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। बीजेपी ने पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा पर बड़ा आरोप लगाया है। बीजेपी का दावा है कि कांग्रेस नेता खेड़ा के पास दो सक्रिय वोटर कार्ड हैं, जिसके चलते वो खुद वोट चोरी के असली गुनहगार हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि खेड़ा ने पुराना वोटर कार्ड सरेंडर करने की अर्ज़ी पहले ही दी थी और जल्द ही इस पर जवाब देंगे। BJP के IT सेल के हेड अमित मालवीय ने नई दिल्ली और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्रों के वोटर लिस्ट की तस्वीरें शेयर करते हुए दावा किया कि पवन खेड़ा के पास दो सक्रिय EPIC नंबर हैं। मालवीय ने X पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस की मीडिया और प्रचार विंग के हेड और वोट चोरी के खिलाफ पार्टी के कैंपेन में सबसे आगे रहने वाले नेता पवन खेड़ा खुद दो वोटर कार्ड रखते हैं। मालवीय ने इसे गैर-कानूनी बताते हुए चुनाव आयोग से जांच की मांग की है।

उनका कहना है कि क्या खेड़ा ने एक से ज़्यादा बार वोटिंग की, जो कि इलेक्शन नियमों का उल्लंघन है। मालवीय ने कांग्रेस पर और भी तीखे हमले किए। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जैसे सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाया था, वैसे ही खेड़ा का दो वोटर कार्ड रखना कांग्रेस की वोट चोरी की पुरानी आदत को दिखाता है। मालवीय ने दावा किया कि कांग्रेस हमेशा से इलेक्शन सिस्टम को नुकसान पहुंचाती रही है और अब डर है कि चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से उनकी पोल खुल जाएगी।

# पाक में परिवार के कारोबार के कारण भारत से मजबूत संबंधों की दी बलि

## पूर्व एनएसए का ट्रंप पर हमला



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। सुलिवन का कहना है कि ट्रंप ने अपने परिवार के पाकिस्तान के साथ व्यापारिक हितों के लिए भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के साथ दशकों पुराने रिश्तों को दांव पर लगा दिया। एक यूट्यूब चैनल को दिए एक इंटरव्यू में सुलिवन ने ट्रंप की विदेश नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका के लिए बड़ा रणनीतिक नुकसान है, खासकर जब भारत के साथ मजबूत रिश्ते चीन जैसे खतरों से निपटने में अहम हैं। सुलिवन ने बताया कि अमेरिका ने भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने के लिए दशकों तक दोनों पार्टियों के समर्थन से काम किया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वहां तकनीक, प्रतिभा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अमेरिका का मजबूत सहयोगी हो सकता है। लेकिन ट्रंप ने अपने परिवार के व्यापारिक फायदों के लिए इन रिश्तों को नजरअंदाज कर दिया। सुलिवन ने बताया कि ट्रंप परिवार की पाकिस्तान के साथ व्यापारिक डील्स इस बदलाव की बड़ी वजह हैं। अप्रैल 2024 में, ट्रंप की ओर से समर्थित एक क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ने पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल के साथ कई समझौते किए। इन समझौतों का मकसद क्रिप्टो इंडस्ट्री में निवेश और नवाचार को बढ़ावा देना था।

WLF में ट्रंप और उनके सहयोगियों की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस डील के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में ट्रंप के खास दूत स्टीव विटकॉफ के बेटे जैकरी विटकॉफ भी शामिल थे। जून में, पाकिस्तान सेना ने दावा किया कि उनके फील्ड मार्शल असीम मुनीर और ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान व्यापार, आर्थिक विकास और क्रिप्टोकरेंसी पर बात हुई। पाकिस्तान सेना के मुताबिक, ट्रंप ने लंबे समय तक रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक हितों पर आधारित व्यापारिक रिश्तों की इच्छा जताई है।

### सिर्फ आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं...

# बिहार में एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड पर बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में पेश नहीं किया जा सकता है। आधार का स्टेटस कानून के दायरे में रहे तो बेहतर होगा। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने पहले कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा मान्यता प्राप्त दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड को पहचान का प्रमाण माना जा सकता है, लेकिन सिर्फ आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं हो सकता है।

# आप विधायक हरमीत सिंह पुलिस हिरासत से फरार, फायरिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल



**पटियाला।** आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार हो गए हैं। मंगलवार सुबह हरियाणा के करनाल से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें थाने ले जा रही थी, तभी पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी और गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पठान माजरा और उनके साथी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर में फरार हो गए, जिनमें से पुलिस ने फॉर्च्यूनर को पकड़ लिया है, जबकि पुलिस टीम स्कॉर्पियो में फरार विधायक का पीछा कर रही है। पंजाब के पटियाला जिले के सनौर हल्के से विधायक हरमीत सिंह पठान माजरा को पुलिस ने हरियाणा के करनाल के गांव डबरी से गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार यह गिरफ्तारी धारा 376 के एक पुराने मामले में की गई है। खास बात यह है कि विधायक पठान माजरा की सुरक्षा कल ही पंजाब सरकार द्वारा वापस ले ली गई थी बताया जा रहा है कि पठान माजरा पिछले तीन-चार दिनों से अपनी ही सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे और उन्होंने सिंचाई विभाग के मुख्य अफसर कृष्ण कुमार को हालिया बाढ़ का सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया था। विधायक की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

## पक्षी से टकराया 165 यात्रियों को ले जा रहा इंडिगो का विमान

**नागपुर 2 सितम्बर।** महाराष्ट्र के नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट बीच उड़ान के दौरान किसी पक्षी से टकरा गई। यह टकराव इतनी तेज थी कि फ्लाइट को यू-टर्न लेकर नागपुर वापस आना पड़ा। नागपुर एअरपोर्ट पर फ्लाइट की दोबारा लैंडिंग करवाई गई।


# विपक्ष के नेता ने गृह मंत्री से की राहत की मांग



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से राजभवन जम्मू में मुलाकात की। उन्होंने जम्मू क्षेत्र में हाल ही में बादल फटने, भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान की जानकारी दी। शर्मा ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत और पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने जम्मू-कश्मीर दौरे के दूसरे दिन प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे थे। सुनील शर्मा ने उन्हें बताया कि इस आपदा में कई लोगों की जान गई, पशुधन को नुकसान हुआ और चल-अचल संपत्तियों का भारी नुकसान हुआ। सड़कें बह गईं, बिजली और जल आपूर्ति व्यवस्था ठप हो गई और कई दूरदराज के इलाके संपर्क से कट गए। प्रभावित लोग गहरे संकट में हैं और उन्हें तत्काल सहायता की जरूरत है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार इस संकट में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ है। उन्होंने समय पर राहत और पुनर्वास के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का वादा किया। बताया जाता है कि यह मुलाकात आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए त्वरित सहायता और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सुकमा में देर रात नक्सलियों का खूनी तांडव, दो ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या




**सुकमा, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुकमा जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। घटना सिरसट्टी पंचायत के नंदा पारा की बताई जा रही है। देर रात नक्सलियों ने गांव में धावा बोला और पुलिस मुखबिरी के आरोप लगाकर दो ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या कर दी। इस निर्मम वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया है और लोग सहमे हुए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने सिर्फ हत्या ही नहीं की बल्कि अन्य दो ग्रामीणों को भी बुरी तरह पीटा। दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटनास्थल पर चीख-पुकार और भय का माहौल इतना गहरा था कि ग्रामीण रातभर अपने घरों से बाहर नहीं निकल सके। यह वारदात नक्सलियों की पुरानी रणनीति को दर्शाती है, जिसमें वे निर्दोष ग्रामीणों को पुलिस का सहयोगी बताकर सजा देते हैं। सूत्र बताते हैं कि मारे गए ग्रामीणों पर लंबे समय से नक्सलियों को पुलिस मुखबिरी का शक था। इसी शक के चलते उन्हें सबक सिखाने के नाम पर इस नृशंस घटना को अंजाम दिया गया। यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में नक्सलियों ने ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा हो। लगातार हो रही घटनाओं ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गई।

## फाजिलपुरिया गोलीबारी मामले में दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने गायक राहुल फाजिलपुरिया पर गोलीबारी और रोहित शौकीन की हत्या के मामले में शामिल आरोपी को हथियार मुहैया कराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को सोमवार को शहर की एक अदालत में पेश किया गया और फिर दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। आरोपियों की पहचान जींद के बख्ताखेड़ा गाँव निवासी सुदीप और दिल्ली के गोपालपुर निवासी शक्ति के रूप में हुई है। दोनों को सेक्टर 40 क्राइम यूनिट की एक टीम ने रविवार को दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार किया।

# बिजली विभाग के अभियंता आज करेंगे प्रदर्शन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी द्वारा कनिष्ठ से सहायक अभियंता के पद पर विभागीय पदोन्नति का कोटा 70 प्रतिशत से घटाकर 40 फीसदी किए जाने से पत्रोपाधि अभियंता भड़क गए हैं। कंपनी प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ और विभागीय पदोन्नति का कोटा पूर्ववत रखने की मांग को लेकर कंपनी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। पावर जनरेशन कंपनी में कनिष्ठ से सहायक अभियंता के पदों पर भर्ती का कोटा तय किया गया है। जिसके अनुसार विभागीय पदोन्नति से भर्ती का कोटा 70 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रश कर दिया गया है। इसी तरह विभागीय सीधी भर्ती का कोटा पूर्ववत 10 फीसदी तथा खुली सीधी भर्ती के कोटे को 20 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। अब वितरण कंपनी में भी यही कोटा लागू करने की तैयारी चल रही है। कंपनी प्रबंधन द्वारा विभागीय पदोन्नति का कोटा घटाने का छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के प्रांतीय महासचिव ने बताया कि पदोन्नति के कोटे में कटौती किए जाने की विरोध में पत्रोपाधि अभियंता 2 सितंबर को शाम 5 बजे कंपनी मुख्यालय के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसकी सूचना कंपनी प्रबंधन को दे दी गई है। संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि ज्यादातर कनिष्ठ अभियंता सहायक अभियंता का उच्च वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं। तत्काल पदोन्नति से कंपनी पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं आएगा। सहायक अभियंता के पद पर नई भर्ती से वेतन और भत्ते की वजह से आर्थिक बोझ आएगा। सहायक अभियंता के पद पर खुली भर्ती का कोटा बढ़ाने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे। सहायक अभियंता पद पर भर्ती में दूसरे राज्यों से भी प्रतियोगी शामिल होंगे।

# पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार, पांच हथियार बरामद



**श्री मुक्तसर साहिब।** पंजाब पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। श्री मुक्तसर साहिब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पांच अवैध हथियार और अतिरिक्त मैगजीन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई संगठित अपराध के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से सीधे तौर पर जुड़े हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों गिरोह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। बरामद हथियारों में चार .32 बोर पिस्तौल, एक .30 बोर पिस्तौल और पांच अतिरिक्त मैगजीन शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में गहन जांच शुरू कर दी है ताकि गिरोह के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से संगठित अपराध के खिलाफ उनकी लड़ाई को और बल मिलेगा। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या ये संदिग्ध अन्य आपराधिक गतिविधियों या वारदातों में शामिल थे। पंजाब पुलिस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर इस सफलता की जानकारी साझा की।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि वह संगठित अपराध को जड़ से खत्म करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस कार्रवाई को जनता और स्थानीय प्रशासन ने सराहा है। पुलिस के मुताबिक, यह गिरफ्तारी पंजाब में बढ़ते संगठित अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। पंजाब पुलिस का यह प्रयास न केवल अपराधियों में डर पैदा करेगा, बल्कि समाज में सुरक्षा का विश्वास भी बढ़ाएगा। जांच पूरी होने पर अन्य जानकारियां सामने आने की उम्मीद है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे सीएम विष्णुदेव साय, दिल्ली रवाना हुए



**रायपुर 02 सितम्बर।** सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली रवाना हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हम उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ एक दिवसीय दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं। वहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इस बीच सीएम साय ने आज सुबह एक ट्वीट भी किया है, जिसमें उन्होंने बताया, छत्तीसगढ़ के मेहनतकश किसानों के लिए बड़ी राहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का हृदय से आभार, जिनकी संवेदनशीलता और सहयोग से सितंबर माह हेतु राज्य को 60,800 MT यूरिया का आबंटन स्वीकृत हुआ है। यह अतिरिक्त उपलब्धता खरीफ फसलों को सुरक्षित रखने, किसानों की मेहनत को संबल देने और उनकी चिंताओं को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगी।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# मांगें पूरी होने तक नहीं छोड़ूंगा मुंबई, हाईकोर्ट के आदेश के बाद बोले मनोज जरांगे



**मुंबई, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मराठा आरक्षण को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र में मुहिम छेड़ रखी है। मनोज पिछले कई दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। मनोज का कहना है कि राज्य में मराठा आरक्षण लागू होने तक वो अपना अनशन जारी रखेंगे। हालांकि, इस बीच मराठा आरक्षण को लेकर मनोज महाराष्ट्र सरकार से बात करने को राजी हो गए हैं। मुंबई के आजाद मैदान में आज मनोज जरांगे के अनशन का पांचवां दिन है। मनोज का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं किया है और हमें राजधानी (मुंबई) में घुसने से कोई नहीं रोक सकता।

मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों से शांति बरकार रखने की अपील की है। उनका कहना है कि वो सरकार मराठा आरक्षण के लिए मनाकर रहेंगे। सरकार को मराठाओं को कुनबी में शामिल करे, जिससे उन्हें भी सरकारी नौकरी और शिक्षा में फायदा मिले। मैं सरकार के साथ बीतचीत के लिए तैयार हूं। मैं इसके लिए किसी भी हद तक जा सकता हूं। जब तक मेरी मांग पूरी नहीं हो जाती, मैं इस जगह से नहीं हिलूंगा। अगर आपने हमे गिरफ्तार करने या मुंबई से बाहर निकालने की कोशिश की, तो यह आपके लिए बहुत खतरनाक साबित होगा। मुंबई पुलिस ने आज जरांगे और उनके समर्थकों के लिए नोटिस जारी करते हुए आजाद मैदान खाली करने का आदेश दिया है। पुलिस का कहना है कि उन्होंने प्रदर्शन के नियमों का उल्लंघन किया है। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी जरांगे को हड़ताल खत्म करने का आदेश दिया था।

# 16 क्विंटल गांजा का नष्टीकरण, दुर्ग पुलिस ने इस्पात संयंत्र में डाला



**दुर्ग।** पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्ज 239 मामलों में जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया। भिलाई इस्पात संयंत्र और नेवई क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में ड्रग्स डिस्पोजल समिति की बैठक हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर और सहायक आबकारी आयुक्त सी.आर. साहू भी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर के अनुसार, भिलाई इस्पात संयंत्र परिसर में 1620 किलोग्राम गांजा नष्ट किया गया। साथ ही 8 किलोग्राम गांजे का पौधा, 277.29 ग्राम हेरोइन और 214.39 ग्राम ब्राउन शुगर भी नष्ट किया गया।

## एसईसीएल ने बनाया ओबीआर का नया रिकार्ड

**कोरबा।** एसईसीएल ने अगस्त 2025 में ओवर बर्डन रिमूवल का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हाल ही में सम्पन्न अगस्त माह में कंपनी ने 25.17 मिलियन क्यूबिक मीटर का ओबीआर कर स्थापना से अब तक किसी भी अगस्त माह में सर्वोच्च ओबीआर की उपलब्धि दर्ज की है।अगस्त 2025 के लिए निर्धारित 21.17 के लक्ष्य की तुलना में एसईसीएल ने 115.8% उपलब्धि दर्ज की। वहीं, अगस्त 2024 में प्राप्त 13.62की तुलना में इस वर्ष उल्लेखनीय 84.82% की वृद्धि दर्ज की गई।गौरतलब है कि कोयला उद्योग में ओपनकास्ट खदानों से कोयला निकालने से पूर्व मिट्टी, पत्थर आदि की परतें हटानी पड़ती हैं, जिन्हें ओवरबर्डन कहा जाता है। इस कार्य को ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) कहते हैं। ओबीआर कोयला उत्पादन का एक महत्वपूर्ण निष्पादन मानदंड है, क्योंकि इसके माध्यम से भविष्य के उत्पादन हेतु कोयला सीम को तैयार किया जाता है।एसईसीएल द्वारा अपने मेगाप्रोजेक्ट्स में ओबी हटाने के लिए ब्लास्टिंग-रहित रिपर तकनीक के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी रूप से ओबी हटाना संभव हुआ है। विदित हो कि एसईसीएल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 360 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर का लक्ष्य सौंपा गया है, जिसकी ओर कंपनी मजबूती से अग्रसर है

## सड़क अभी बना नही कि शुरू हो गई टोल वसूली-यात्रियों में नाराजगी

**कोरबा ।** चांपा जंक्शन होने के कारण कोरबा जिले के यात्रियों को चांपा रेलवे स्टेशन ट्रेन में यात्रा करने के लिए आना-जाना पड़ता है। जनहित में परिवहन विभाग द्वारा निजी बसों को कोरबा-चांपा यात्री ले जाने के लिए तीन फेरा करीबन 14 बसों को परमिट प्रदान कि गयी हैं। लेकिन जमनीपाली टोल प्लाजा खुलने के बाद प्रति बस 1000/- रुपये टोल टैक्स प्रतिदिन देना पड़ता हैं, जिससे बस संचालकों को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है और बसें बंद होने की कगार पर आ चुकी हैं। विगत् एक माह पहले टोल प्लाजा अधिकारी ने लोकल चलने वाली बसों का पास बनाया था, जिसमें प्रति बस 8100/- रुपये लिया जा रहा था एवं छोटी मिनी बस का 4200/- रुपये प्रतिमाह का पास बना था। लेकिन आरोप लगाया जा रहा हैं कि टोल टैक्स में जो नये मैनेजर आये हैं, उनके द्वारा 40 प्रतिशत ज्यादा पैसा मांगा जा रहा है और 40 प्रतिशत ज्यादा न देने पर निजी बसों का मासिक पास नहीं बनाया जा रहा है।इस मामले में जिलाधीश से निवेदन किया गया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जमनीपाली टोल प्लाजा में जो अनियमितता एवं दादागिरी बलपूर्वक पैसों की मांग की जा रही है उसे रोकने एवं टोल प्लाजा द्वारा पूर्व में जो पास दिया गया था उसी रकम पर बस संचालको को पास दिलवाने की कृपा करें, जिससे यात्रियों को बिना किसी रुकावट के अच्छी सुविधा मिल सके।

## सौर ऊर्जा से चलेगा अब नगर निगम का डब्लूडी टीपी

**कोरबा ।** नगर निगम का कोहड़िया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट सौर ऊर्जा से चलेगा। प्लांट के निकट 2 मेगावॉट का सोलर 9 प्लांट लगाया जाएगा। प्लांट के लगने से बिजली की वजह से शहर में पानी की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। अभी निगम को हर साल लगभग 9 करोड़ रुपए तक बिजली बिल देना पड़ रहा है। सोलर प्लांट ग्रिड से जुड़ा होगा। अतिरिक्त बिजली से निगम को आय भी होगी। जल आवर्धन योजना फेस -1 व 2 से निगम के 67 वार्डों में पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके लिए कोहड़िया में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बना हुआ है। यहां से बांकीमोंगरा नगर पालिका के 30 वार्डों में भी पानी की आपूर्ति की जा रही है। ट्रीटमेंट प्लांट को चलाने के लिए बिजली की खपत अधिक होती है। यहां किनारे में ही सब स्टेशन बना हुआ है। इसके बाद भी आए दिन बिजली बंद होने के कारण प्लांट नहीं चल पाता। इससे गर्मी ही नहीं बाकी समय भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है। उसकी वजह से ही सौर ऊर्जा प्लांट लगाने की योजना बनाई जा रही है। इसकी लागत 12 करोड रुपए तक आ सक्ती है। आने वाले दिनों में पानी की मांग और बढ़ेगी।

## एसईसीएल कोरबा पूर्व में हुई महाप्रबंधक समन्वय बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल में महाप्रबंधक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कंपनी के कार्यसंचालन के जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।बैठक के प्रारम्भ में सीएमडी हरीश दुहन द्वारा निदेशक (तकनीकी) संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मा.सं) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक (तकनीकी) योजना/परियोजना रमेश चंद्र महापात्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में इसी माह सेवानिवृत्त हुए विभागाध्यक्षों बसंत कपूर कुर्रे, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष (उत्खनन), विनय कुमार सूद, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष (सिविल), एवं डॉ प्रतिभा पाठक चिकित्सा सेवा प्रमुख, को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीएमडी श्री दुहन एवं निदेशक मंडल द्वारा बैठक में पहली बार भाग ले रहे निदेशक (तकनीकी) योजना/परियोजना) रमेश चंद्र महापात्रा का भी स्वागत किया गया।

## बीएमएस ने मनाया विजय उत्सव

**कोरबा ।** मजदूर क्षेत्र में काम करने वाले संगठन बीएमएस के सहयोगी अखिल भारतीय कोयला कर्मचारी संघ ने एसईसीएल में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान बनाया है। इस उपलक्ष्य में विजय उत्सव के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन कुसमुंडा में मनाया जा रहा हैं।

बीएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरेन पंड्या, कोयला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय महामंत्री, अनेक प्रतिनिधि और एसईसीएल के सभी 14 क्षेत्रों से पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी कुसमुंडा में हो रही है। सभी क्षेत्रों से रैली के साथ कार्यकर्ता कुसमुंडा आ रहे हैं। एरिया महामंत्री रमेश गुरुद्वान ने बताया कि संगठन को मिली सफलता से हर कोई उत्साहित है। उसके द्वारा विजय उत्सव की परिकल्पना इसी पर केंद्रित है। चूंकि बड़े पदाधिकारी यहां आ रहे हैं इसलिए उनके मार्गदर्शन का लाभ लेने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है। इसके माध्यम से जहां संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी, वहीं आगे की रणनीति बनाने के साथ क्रियान्वयन करना आसान होगा। उन्होंने बताया कि मजदूर हितों के साथ-साथ उद्योगों के समग्र कल्याण के लिए हमारा संगठन राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहा है और बीते वर्षों में इसने अलग ऊंचाई के साथ अपनी विशेष पहचान बनाई है।

## सड़क पर उतरी आंबा कार्यकर्ता

**कोरबा।** कोरबा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएँ अपने अधिकारों की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आई हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ के बैनर तले 1 सितम्बर को कोरबा के आईटीआई तानसेन चौक पर धरना, सभा और रैली का आयोजन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें अपनी प्रमुख मांगें रखी गईं।

प्रदेश की करीब एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने एकजुट होकर सरकार से मांग की है कि उन्हें कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी, बीमा और चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की जाएँ। कार्यकर्ताओं का कहना है कि आईसीडीएस योजना को लागू हुए 50 वर्ष बीत चुके हैं, फिर भी उनकी बुनियादी मांगें अनसुनी हैं।

प्रमुख मांगेंआंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तृतीय श्रेणी और सहायिकाओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए।कर्मचारी का दर्जा मिलने तक कार्यकर्ताओं को 26,000/- और सहायिकाओं को 22,100/- मासिक वेतन दिया जाए। सेवानिवृत्ति पर पेंशन, ग्रेज्युटी, बीमा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। सहायिकाओं को कार्यकर्ता और कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नति दी जाए। डिजिटल प्रक्रियाएँबंद कर ऑफलाइन कार्य व्यवस्था लागू की जाए। गुजरात हाईकोर्ट के न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ते संबंधी निर्णय को छत्तीसगढ़ में लागू किया जाए।

# उर्वरक विक्रय दुकानों का किया गया निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देश पर कार्यालय उप संचालक कृषि कोरबा के जिला स्तरीय टीम द्वारा दुकानों में छापेमारी सतत की जा रही है। सोमवार को कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले के खाद दुकानों का निरीक्षण किया। श्याम खाद भण्डार उरगा तथा सोनरक्षा कृषि केन्द्र कुदुरमाल में खाद विक्रय का निरीक्षण में पाया गया कि उक्त दुकानों में वर्तमान स्थिति में खाद का भण्डारण निरंक है। पटेल कृषि केन्द्र में कीटनाशक दवाओं का निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि ने बताया कि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 6298.46 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था जबकि इस वर्ष 2025-26 में 6494.625 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में जिले मे कुल खाद भण्डारण का लक्ष्य 20637 मेट्रिक टन था जिसके विरूद्ध आज की स्थिति में 17007.62 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है जिसमें से 16270.23 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। जिले में यूरिया खाद मांग के अनुरूप खाद का भंडारण किया जा चुका है जिन स्थानों पर यूरिया खाद उपलब्ध नही है उन स्थानों पर सहकारी समितियों के द्वारा खाद की मांग डी डी जमा किया जा चुका है । शासन से खाद उपलब्ध होते ही समितियों में तत्काल भंडारण किया जायेगा। वर्तमान में नई तकनीकी द्वारा विकसित नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का समितियों में भण्डारण 1544 नग (बॉटल) उपलब्ध है जबकि कुल 25246 नग (बॉटल) भंडारण किया गया था जिसमें से



कृषकां द्वारा 23702 नग नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का उपयोग कर लिया गया है । शासन के दिशा निर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। जिसके कारण उर्वरक का विक्रय एवं उपलब्धता की स्थिति का निरीक्षण जिला स्तर पर लगातार किया जा रहा है अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने दिये दण्डाधिकारी जांच के आदेश

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) कोरबा में संस्थागत हुए चार अपचारी बालकों के 31 अगस्त 2025 को सुबह लगभग 08.10 बजे बाथरूम के वेंटिलेशन खिड़की को तोड़कर संस्था परिसर से फरार हो जाने की घटना के संबंध में दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिये हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर कोरबा श्री कौशल प्रसाद तेंदुलकर को आदेशित किया है कि उक्त दण्डाधिकारी जांच की कार्यवाही 30 दिवस के भीतर किया जाकर प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जांच हेतु जो बिंदु निर्धारित किये गये हैं वे इस प्रकार हैं- घटना किन परिस्थितियों में घटित हुई? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार होने के क्या कारण थे? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार अपचारी किशोरों को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल होने के पूर्व अथवा पश्चात किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई?

## श्रमकों के स्वास्थ्य जांच में नही चलेगी मनमानी,श्रम मंत्री ने दिए निर्देश

**कोरबा।** श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में श्रम विभाग के विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने निजी उद्योगों द्वारा कराए जाने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच की गहन समीक्षा की। जोखिम वाले (खतरनाक) 913 कारखानों में मात्र 682 ने ही श्रमिकों की चिकित्सा रिपोर्ट अपलोड की गई, शेष की रिपोर्ट अपलोड नहीं करने और जिनके द्वारा किये गए



है उनके द्वारा बरती जा रही खानापूर्ति को लेकर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए। उन्होने कहा कि श्रमिकों के स्वास्थ जांच में किसी तरह की मनमानी न हो इसके लिए फील्ड पर विभागीय अधिकारी स्वास्थ्य जांच पर नियमित निगरानी रखे। उन्होंने जोखिम कारखानों का विभागीय अधिकारियों द्वारा निरिक्षण के बाद पाई गई कमियों के निराकरण के सम्बन्ध में 929 कारखानो में 222 में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने को लेकर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में श्रम विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, संयुक्त सचिव फरिहा आलम, उप सचिव अंकिता गर्ग, श्रम विभाग अपर आयुक्त श्रीमती सविता मिश्रा, श्री एस.एल.जांगड़े, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के सचिव श्री गिरीश रामटेके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।मंत्री श्री देवांगन ने बैठक में संगठित, असंगठित और श्रम कल्याण मण्डल की सभी श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग, ईएसआईसी विभाग की समीक्षा की। आवास योजना की राशि को एक लाख से बढ़ाकर डेढ़ लाख प्रति हितग्राही करने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए । मंत्री श्री देवांगन ने श्रमिकों को मिलने वाली सभी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होने कई जिलों के कम परफॉरमेंस वाले श्रम अधिकारी को कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही योजनाओं का अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ श्रमिकों को मिले इस दिशा में अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। प्रदेश में लगभग 30 लाख 69 हजार पंजीकृत श्रमिक है। इसमें से 11 लाख श्रमिकों द्वारा 5 साल बाद नवीनीकरण नहीं कराया गया है। केबिनेट मंत्री ने श्रमिकों का दोबारा पंजीयन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विभागीय अधिकारी श्रमिकों के बीच इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने विभाग के अधीन संचालित मंडलों द्वारा किये जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।श्री देवांगन ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का विस्तार प्रदेश के सभी जिलों में करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। श्रम विभाग के तीनों मंडल - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ.ग. श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार के सुशासन में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से अटल उत्कृष्ट योजना , मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है।

## यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ AAP का धरना प्रदर्शन-

**कोरबा।** खाद की कालाबाजारी व किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी कोरबा के द्वारा रामपुर विधानसभा के तहत करतला बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया गया साथ ही इस संबंध में मुख्यमंत्री को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ग्रामीण जग़लाल राठिया अध्यक्ष ने कहा है कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पायी है। इसी के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा कल 1 सितम्बर 2025 को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है इसमें सरकार की नाकामी है। कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।कोरबा लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा ने कहा कि बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा है अब तक किसानों की जरूरत का आधा या उससे भी कम यूरिया मिल पाया है जिससे उनकी मेहनत और लागत पर संकट छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ की कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों की अधिकतर सहकारी समितियां में यूरिया का पर्याप्त भंडारण नहीं किया जा सका। इसलिए आज किसानों को 266 रूपये में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है और पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपये में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था। यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी से राज्य के किसान परेशान हैं। इस मौके पर कोरबा लोकसभा सचिव शत्रुघन साहू, जिला कोषाध्यक्ष सोमराज, वामन वरोकर, संतोष कुमार ग़बेल गुरुवार सिंह गबेल ,सत्यनारायण रतिया सुरेंद्र कुमार राठिया शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला में शामिल हुए कोरबा भाजपा जिला अध्यक्ष मोदी

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में कोरबा जिले से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी भी सम्मिलित हुए। श्री मोदी ने कार्यशाला के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह आयोजन संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी मोर्चों के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्ष शामिल हुए।कार्यशाला के दौरान सभी ने मिलकर देश के यशस्वी



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात के 125वें संस्करण को सुना, जिसे जीवन के लिए प्रेरणादायक बताया गया।इसके बाद संगठन के शीर्ष नेताओं द्वारा नवनियुक्त अध्यक्षों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि नई कार्यकारिणी के साथ तालमेल बनाकर संगठन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक कैसे पहुँचाया जाए। साथ ही यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया जैसे आधुनिक माध्यमों का उपयोग कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को व्यापक रूप से प्रचारित करना आवश्यक है।

प्रशिक्षण में बूथ स्तर एवं शक्ति केंद्रों पर कार्यरत कार्यकर्ताओं को संगठित रखते हुए जनता तक भाजपा संगठन की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, एमआईसीसी सदस्य अजय, चंद्रा, लकी नंदा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## टी.पी. नगर चौक पर राहुल गांधी और कांग्रेस का किया गया पुतला दहन

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताजी पर कांग्रेस और आरजेडी की सभा के दौरान अभद्र टिप्पणी किए जाने से देशभर में आक्रोश व्याप्त हैं। इसी क्रम में कोरबा जिले में भी भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने टी.पी. नगर चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर कांग्रेस की नीतियों और भाषा शैली की कड़ी आलोचना की।

इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी ने कांग्रेस और आरजेडी नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माँ के लिए जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग कांग्रेसियों ने किया है, वह न केवल निंदनीय है बल्कि देश की संस्कृति और परंपरा के भी खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी अब जनता के बीच 'गाली वाली कांग्रेस' के रूप में जानी जा रही है। यह शर्म की बात है कि अब तक न तो राहुल गांधी और न ही तेजस्वी यादव ने इस मामले में खेद व्यक्त किया और न ही सार्वजनिक माफ़ी मांगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे असंवेदनशील और अमर्यादित आचरण को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। जनता भी आने वाले समय में कांग्रेस को करारा जवाब देगी और उनकी इस राजनीति को सिरे से खारिज कर देगी।



*प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की स्व. माता पर कांग्रेस और आरजेबी की सभा के दौरान अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में भाजयूमो दीपका मंडल ने राहुल गांधी और कांग्रेस का पुतला जलाया।*

भाजयुमो नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल देश के नहीं बल्कि हर भारतीय के गौरव हैं। उनकी स्वर्गीय माताजी का अपमान करना समूचे देश का अपमान है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस तुरंत देश की जनता से माफी मांगे, अन्यथा हर जिले और गांव तक इस मुद्दे पर विरोध की ज्वाला भड़केगी।पुतला दहन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कांग्रेस मुर्दाबादराहुल गांधी होश में आओ, गाली वाली कांग्रेस वापस जाओजैसे गगनभेदी नारे लगाए गए। माहौल पूरी तरह से विरोध के स्वर में गूंज उठा और चौक पर भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता कांग्रेस के खिलाफ एकजुट दिखाई दिए। इस विरोध प्रदर्शन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, महामंत्री रामशंकर साहू, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, पि वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्रा, अजा मोर्चा अध्यक्ष सरजू अजय, रंजू यादव, सुभाष राठौर, दिव्यांश अग्निहोत्री, संजय मानिकपुरी, बृजेश यादव, दीनदयाल पटेल, रामावतार पटेल, मोंटी पटेल, साकेत शर्मा, विवेक रजवाड़े, विशाल सचदेव, पिंकू रंजन, सुजीत सिंह, प्रमोद जांगड़े, करण सोनी, श्याम साहू, श्रीधर द्विवेदी, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे, रमेश बरेठ, योगेश जायसवाल, योगेंद्र राठौर, धनंजय चौहान, चेतन वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौ माता चौक पर राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों ने बढ़ायी परेशानी



**कोरबा।** शहर के प्रमुख मार्गों में से एक गौ माता चौक से उरगा जाने वाली बायपास रोड इन दिनों राखड़ ढोने वाले भारी वाहनों से बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। रोजाना सड़क पर ओवरलोडेड ट्रक खड़े रहने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। इससे आम जनता, विशेषकर स्कूली वाहन और एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवाएं भी फंस जाती हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। आए दिन मोटरसाइकिल और कार चालकों को हादसों का शिकार होना पड़ता है। इसके बावजूद आरटीओ प्रशासन राखड़ ट्रकों की ओवरलोडिंग और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने से कतराता नजर आ रहा है।

लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर समय रहते ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही पर लगाम नहीं लगाई गई तो बायपास रोड पूरी तरह से जाम और खतरनाक मार्ग में तब्दील हो जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से तत्काल पहल कर समाधान की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# प्रदेश में यूरिया खाद की किल्लत और काला बाजारी के खिलाफ आप का धरना प्रदर्शन

**जांजगीर।** प्रदेश में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने 1 सितम्बर 2025 को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन किया गया। आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा ने बताया है कि जांजगीर जिले के कचहरी चौक पर प्रदेश में किसानों की समस्यायों पर धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पायी है। आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है इसमें सरकार की नाकामी है। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री जी ने खाद और यूरिया कि पर्याप्त आपूर्ति की बात कही थी लेकिन वो भी एक जुमला ही निकला? कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य




फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

आप के जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने बताया कि बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा है अब तक किसानों की जरूरत का आधा या उससे भी कम यूरिया मिल पाया है जिससे उनकी मेहनत और लागत पर संकट छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ की कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों की अधिकतर सहकारी समितियां में यूरिया का पर्याप्त भंडारण नहीं किया जा सका। इसलिए आज किसानों को 266 रूपये में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है और पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपये में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था। यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी से राज्य के किसान परेशान हैं।

जिला सचिव विनय गुप्ता ने धरना प्रदर्शन में सरकार से सवाल किया कि प्रदेश सरकार की नाकामी से सबका पेट भरने वाला किसान आज परेशान है,जिले के कई क्षेत्रों में कम वर्षा के कारण खेतों में दरारे पड़ रहीं हैं उस पर किसानों को समय पर यूरिया और खाद कालाबाजारी और जमाखोरी के कारण नहीं किसानों तक नहीं पहुंचा है सरकार की गैर जिम्मेदारी से किसान अगर आत्महत्या को मजबूर होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

आम आदमी पार्टी राज्य में किसानों को हो रही इन परेशानियों पर सरकार का विरोध करती है इसी संबंध में आज आम आदमी पार्टी जिला जांजगीर और जिले के किसानों ने मिलकर एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है। और यदि जल्द ही सरकार ने किसानों की परेशानियां दूर नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर और बड़ा आंदोलन करेगी।

इस धरना प्रदर्शन में लोकसभा सचिव राजेश पुरी गोस्वामी, जिला संगठन मंत्री अविनाश ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष राहुल राय और रामकृष्ण कश्यप, ललित बघेल रमहैया रत्नाकर, प्रेम प्रकाश पाण्डेय डॉ रामराज कुर्रे, रामप्यारे साहू रामनाथ कश्यप, हेमंत कश्यप गणेश बिंद किसान विंग प्रभारी फ़िरतरम मनहर, साहेब लाल यादव, परदेशी कश्यप, बीना पटेल, अजय कश्यप,कृष्णा पटेल, राकेश विश्वकर्मा, ऋषि यादव, अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हम सभी इस लोकार्पण का साक्षी बनने जा रहे हैं:राजेश्री महन्त

**पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ शासन की गरिमामय उपस्थिति में हुआ लोकार्पण**

**शिवरीनारायण ।** रामलीला कला मंडली समिति मंदिर हसौद के द्वारा नवनिर्मित भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ शासन सत्यनारायण शर्मा , सदस्य श्री रामचंद्र स्वामी नागरीदास मंदिर समिति, पुरानी बस्ती रायपुर की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर नगर वासियों के द्वारा जोरदार आतिशबाजी एवं बाजे- गाजे के साथ अत्यंत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- यह बहुत ही सुखद अवसर है कि श्री नागरीदास मंदिर समिति के बाड़ा स्थल पर रामलीला कला मंडली समिति मंदिर हासौद के द्वारा सुंदर संस्कृतिक भवन का निर्माण किया गया है। इसके लोकार्पण का हम सभी साक्षी बनने जा रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष आदरणीय शर्मा इस क्षेत्र के मंत्री और विधायक रहे हैं परिसीमन के कारण इन्हें अन्य क्षेत्र में जाना पड़ा लेकिन उनकी आत्मा यही निवास करती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री



शर्मा ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि - भवन जर्जर हो गया था इसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। लीला मंडली एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने यहां भवन निर्माण की मांग की थी अनेकों वर्षों से यहां रामलीला संचालित है उसका उत्तरोत्तर विकास हो यही हम सब की कामना हैं। दानदाता परिवार के सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नीलकंठ गायकवाड, शोभित राम साहू, प्रताप सिंह ठाकुर, निर्देश सिंह, गोवर्धन सिंह, तुलेश देवांगन, क्षितिज अग्रवाल, चंदन शर्मा, अविनाश अग्रवाल, राधेश्याम पटेल, मन्नु साहू, मनीराम पटेल, महेश यादव, कृष्ण कुबेर, चंद्र नरेश त्रिपाठी, गोकुल यादव, गोपाल धीवर, अश्वनी चेलक, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिवत संचालन त्रिलोचन साहू ने किया।

## टेमर में लो वोल्टेज की समस्या, ग्रामीण परेशान



**जांजगीर-सक्ती।** टेमर के वार्ड क्रमांक-01, 13 और 14 के लोग लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। इलाके में लगे ट्रांसफार्मर से एक निजी मोबाइल टावर को स्थायी रूप से जोड़ दिया गया है। इसके कारण पूरे गांव में लो वोल्टेज और घंटों की बिजली कटौती हो रही है। गांव के मोहल्लों में बिजली की हालत बहुत खराब हो गई है। दिन-रात बिजली की आंखमिचौली चल रही है। कभी वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा भी नहीं चलता, और कभी 3-4 घंटे तक बिजली पूरी तरह बंद हो जाती है। स्थानीय निवासी भरतलाल देवांगन, शंकर लाल बारै, संतोष कुमार देवांगन सहित कई लोगों ने इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है।

उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को लिखित शिकायत दी है। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर पर जबरदस्ती लोड डालकर गांव को अंधेरे में डुबो दिया गया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। एक ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए कहा, हमारा हक छीना जा रहा है और हम चुप नहीं बैठेंगे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया कचहरी चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में कल भाजपा के द्वारा राहुल गांधी का पुतला जलाया गया जहां सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि बिहार में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस के मंच से देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी और उनकी माता जी को अभद्र गाली गलौज किया गया था,जिसके विरोध में प्रदेश भर में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा पुतला दहन किया जा रहा है,इस प्रकार के कृत्य के कारण कांग्रेस छत्तीसगढ़ की तरह बिहार में भी चुनाव हारेगी।भाजपा के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि भाजपा में युवा मोर्चा का सामान्य कार्यकर्ता भी अनुशासित पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते राजनीति में अभद्र भाषा का उपयोग नहीं करते लेकिन कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी के द्वारा हमेशा इस प्रकार के अपशब्द का प्रयोग निंदा के योग्य भी नहीं है

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि अगर राहुल गांधी और उसके कार्यकर्ता इस प्रकार दुराचार करके,अपनी ही नैय्या डुबाएंगे और भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का नारा साकार होगा।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन , महामंत्री नंद चौधरी, नंदिनी राजवाड़े की, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह जी,आशुतोष गोस्वामी जी, विकास शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष योगेश राणा जिला कोषाध्यक्ष सुधीर गर्ग , पलाश चंदेल,जांजगीर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर,महामंत्री सोनू यादव,हरि सोनवानी,प्रदीप यादव,दिग्विजय सिंह,जांजगीर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह,चुन्नीलाल राठौर भूपेंद्र साहू,विवेक शर्मा,नवीन सोनी कालू सेन तथा बड़ी संख्या में ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में श्रेष्ठ द्विवेदी प्रथम

**जांजगीर।** केंद्रीय विद्यालय जांजगीर के 10 वर्षीय छात्र श्रेष्ठ द्विवेदी ने राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। खेल दिवस के अवसर पर श्रेष्ठ को जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े, जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला एसपी विजय पाण्डेय द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ की इस उपलब्धि से विद्यालय और जिले में गर्व का माहौल है। उसकी मेहनत और लगन ने साबित कर दिया कि कम उम्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की जा सकती है।

## रख रखाव के अभाव में जर्जर हुआ मिनीमाता मंगल भवन,बढ़ा हादसे का खतरा

**अकलतरा।** नगर के मध्य कॉलेज रोड पर स्थित मिनीमाता मंगल भवन, जो कभी सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र था, आज जर्जर हालत में पहुंच चुका है। नगर पालिका परिषद ने वर्ष 2009 में लाखों रुपए की लागत से इसका निर्माण कराया था, ताकि नगरवासियों को विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक उपयुक्त स्थान मिल सके। लेकिन 16 वर्षों बाद भी भवन की मरम्मत या रखरखाव को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। भवन का लेंटर क्षतिग्रस्त हो चुका है और कई स्थानों पर लोहे की सरिया बाहर निकल आई हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। नगरवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल भवन की मरम्मत कराए और इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करे। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो लेंटर गिरने जैसी दुर्घटना की पूरी आशंका है, जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका की होगी। साथ ही आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि स्थिति जस की तस रहने पर वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। मंगल भवन में बने शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होने से वहां बदबू और गंदगी फैली हुई है। दीवारें टूट चुकी हैं, जिससे महिला और पुरुष दोनों के लिए उपयोग करना मुश्किल हो गया है। भवन की खिड़कियां और दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हैं। अंदर लगे अधिकांश सीलिंग फैन खराब हो चुके हैं, जिससे गर्मी में कार्यक्रम आयोजित करने वालों को भारी परेशानी होती है।आधुनिक ऑडिटोरियम की शहर में है जरूरत नगरवासियों का कहना है कि नगर के मध्य स्थित इस भवन को आधुनिक स्वरूप देकर ऑडिटोरियम के रूप में विकसित किया जाए। इससे विवाह समारोह के अलावा सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रम भी आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे। भवन के पुनर्निर्माण या मरम्मत को लेकर अब तक नगर पालिका परिषद ने कोई प्रस्ताव सार्वजनिक नहीं किया है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

## छल-कपट और झूठ, रिश्ते को देते हैं तोड़ :विजयशंकर मेहता

**चांपा।** सजन अग्रवाल के निवास स्थान पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को पं. विजयशंकर मेहता ने अपने ओजस्वी प्रवचन में जीवन प्रबंधन और सत्य की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाने की सबसे बड़ी सीढ़ी सत्य है। परिवार और विशेषकर दांपत्य जीवन तभी टिकता है जब उसमें प्रेम और विश्वास होता है। छल-कपट और झूठ रिश्तों को तोड़ देते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे दूध में खटाई की एक बूंद पड़ जाए तो पूरा दूध खराब हो जाता है, वैसे ही परिवार में असत्य और अविश्वास का प्रवेश होते ही सुख-शांति नष्ट हो जाती है। जीवन में जितना अधिक सत्य होगा, मनुष्य उतना ही परमात्मा के निकट होगा। सत्य और प्रेम को आधार बनाने वाला परिवार ही लंबे समय तक सुखी रह सकता है। पं. मेहता ने कहा कि संसार के पीछे भागने से अच्छा है परमात्मा के पीछे दौड़ना चाहिए, क्योंकि जब परमात्मा मिल जाते हैं तो संसार अपने आप पीछे चलता है। जिस जीवन में ईश्वर का स्थान घट जाता है, उस जीवन में संसार का बोझ बढ़ जाता है। कथा श्रवण के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। प्रवचन के दौरान वातावरण में भक्ति और शांति का अद्भुत संगम दिखाई दिया। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी एकाग्र होकर प्रवचन सुनते रहे। कथा पांडाल में भजन-कीर्तन भी आयोजित किया गया जिसने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। पं. मेहता ने श्रोताओं से अपील की कि वे धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित न रहें बल्कि जीवन में सत्य, प्रेम, ध्यान और सेवा को भी शामिल करें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सत्य और प्रेम को अपनाता है और बुजुर्गों की सेवा करता है, वही वास्तव में ईश्वर के निकट पहुंचता है।

बच्चों के पालन-पोषण और जीवन की दिशा पं. मेहता ने कहा कि बच्चों को या तो उनकी रुचि के अनुसार या नीति के अनुसार पाला जाता है। केवल रुचि के अनुसार पालन करने से वे असफल हो सकते हैं। जबकि नीति और धर्म के अनुसार पाले गए बच्चे जीवन में शांति और संतोष प्राप्त करते हैं। कोई भी व्यक्ति जन्म से महान नहीं होता, बल्कि अपने कर्मों से महान बनता है। उन्होंने कहा कि परिवार की धुरी प्रेम है। यदि परिवार में प्रेम और सत्य बना रहेगा तो मतभेद या टूटन नहीं आएगी। छल-कपट और झूठ से रिश्ते टूट जाते हैं और जीवन का आनंद नष्ट हो जाता है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने स्कूल के 100 छात्रों को बांटे जूते

**सक्ती।** मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए कुरदा में अध्ययनरत लगभग जरुरतमंद 100 बच्चों को जूते वितरित किए। इस अवसर पर मंच की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना गेवादीन, सदस्य राखी अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सरपंच रामायण बाई यादव, उपसरपंच अन्नपूर्णा चौहान, पूर्व सरपंच भुवन यादव, जहान चौहान, पूर्व उपसरपंच श्याम बाई कंवर, प्रधान पाठक जगत सिंह कंवर, शिक्षक उदय सिंह कंवर, मधुसूदन कास्यकार, जितेंद्र कुमार सूर्यवंशी, चंद्रप्रकाश तिवारी भी मौजूद थे।

## हवा के साथ बूंदाबांदी, आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम

**जांजगीर।** सोमवार को मौसम का मिजाज मिला-जुला रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, जिससे धूप की तपिश कम महसूस हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन के कई हिस्सों में हल्की हवा भी चलती रही, जिससे मौसम में थोड़ी ठंडक बनी रही। हालांकि, दोपहर बाद कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन यह ज्यादा देर नहीं टिकी। शहर के बाहरी हिस्सों में कुछ जगहों पर जरूर थोड़ी देर के लिए तेज बौछारें पड़ीं। दिन में बारिश का बड़ा असर देखने को नहीं मिला। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों तक भी इसी तरह का मौसम बना रह सकता है।

// नाम परिवर्तन//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ASHWANI KUMAR S/O RUPCHAND निवासी मुढाली हरदीबाजार कोरबा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं, कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अश्वनी कुमार साहू (ASHWANI KUMAR SAHU) S/o रूपचंद साहू (RUPCHAND SAHU) रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ASHWANI KUMAR SAHU S/o RUPCHAND SAHU से ही पहचाना जावे।

ASHWANI KUMAR SAHU
SAWAPARA MUDHALI
HARDIBAZAR
KORBA (C.G.)



## बीईओ ने कहा छात्रों की नींव मजबूत करने प्रशिक्षण जरूरी

**चांपा।** नवीन पाठ्यक्रम के तहत कक्षा छठवीं के हिंदी विषय पर चल रहे पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का सोमवार को बीईओ रत्ना थवाईत ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार बदले हुए पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत करेगा और गुणवत्ता बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण की बारीकियों को समझकर उन्हें स्कूल में अमल में लाएं, जिससे छात्रों को इसका पूरा लाभ मिल सके। बीईओ ने बच्चों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई ताकि रटने की प्रवृत्ति कम हो और सीखने में समझ, विश्लेषण, चर्चा और अनुप्रयोग पर जोर दिया जाए। उन्होंने पंचकोशी सिद्धांत, अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोश के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा करने को कहा। बीआरसी हिरेन्द्र बेहार, धन्यकुमार पांडेय और ममता जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के लक्ष्यों के अनुसार शिक्षण-प्रक्रिया को व्यवस्थित करना आवश्यक है।

## सरस्वती शिशु मंदिर भवन के लिए 8 लाख की मंजूरी

**रिगनी।** शबरी देवी शिक्षण समिति खरौद के पदाधिकारियों ने रायगढ़ में वित्त व जांजगीर-चांपा जिला के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी से भेंट की। समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी (सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़), उपाध्यक्ष महेश कुमार सोनी, सचिव प्रमोद कुमार सोनी, सहसचिव शिवरात्रि प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सोनी और प्राचार्य रामकुमार साहू उपस्थित रहे। समिति ने मंत्री से सशिमं उमावि में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की जरूरत बताई। मंत्री ने समिति की मांग को गंभीरता से लिया और तत्काल 8 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

## कृषि विक्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**सक्ती।** कलेक्टर ने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली खाद और कीटनाशक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान नकली खाद, कालाबाजारी और ओवररेटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस उद्देश्य से मैदानी स्तर पर सतत निरीक्षण किए जाने होंगे।कृषि विभाग के उप संचालक के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व उर्वरक निरीक्षक मनोहर कुमार रात्रे ने विकासखंड जैजैपुर के हसौद, झरप और देवरघटा में खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पीओएस स्टॉक और भौतिक स्टॉक में अंतर, स्टॉक रजिस्टर का अभाव और प्रदर्शन बोर्ड न लगाने जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

## समग्र शिक्षा अभियान के कलेक्टर दर कर्मियों ने मनाया काला दिवस

**चांपा।** छत्तीसगढ़ में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यरत कलेक्टर दर कर्मचारियों ने अपनी लंबित श्रम सम्मान राशि की मांग को लेकर सोमवार को काला दिवस के रूप में विरोध जताया। कलेक्टर दर कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दिव्य के आह्वान पर प्रदेशभर के कर्मचारियों ने कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर कार्य किया और सरकार को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकला, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

कर्मचारियों का कहना है कि 1 अगस्त 2023 से राज्य में श्रम सम्मान योजना लागू है, लेकिन समग्र शिक्षा सहित कुछ योजनाओं में कार्यरत हजारों कलेक्टर दर कर्मचारियों को बिना किसी स्पष्ट कारण के इस योजना से अपात्र करार दे दिया गया है। दिलीप दिव्य ने बताया कि पूर्व सरकार की भ्रामक एवं पक्षपातपूर्ण नीतियों के कारण आज भी लाखों कर्मचारी अपने अधिकार से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि हमने समग्र शिक्षा रायपुर के प्रबंध संचालक को कई बार ज्ञापन व आवेदन दिए हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि सभी योजनाओं में कार्यरत कलेक्टर दर कर्मचारियों को एकसमान श्रम सम्मान राशि प्रदान की जाए और उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो संघ द्वारा प्रदेशभर में जोरदार आंदोलन शुरू किया जाएगा।

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/निर्माण/2025-26/1955 कोरबा, दिनांक : 29.08.2025

**//निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

कार्यालयीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना पत्र क्रमांक 3247 दिनांक 12.12.2024 के द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर 07 छात्रावास/आश्रमों के भवन निर्माण कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन किया गया था जिसकी कुल लागत राशि रू. 1099.39 लाख है। जिसमें सरल क्रमांक 07 का कार्य आदिवासी कन्या आश्रम बिंझरा के भवन निर्माण को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी-252603168/7

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

## अनमोल वचन......

महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है.....

# मोदी सरकार की संकल्प-शक्ति का इम्तहान

*बेशक, स्वस्थ स्थिति यह होगी कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में रोजगार-शुदा लोगों के पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए। लेकिन उसे पूर्व शर्त बना कर इस कारोबार से करोड़ों की बदहाली बढ़ाते जाना किसी स्वस्थ समाज को मंजूर नहीं हो सकता। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा संगठित जुआ बना हुआ है। इसलिए इसे प्रतिबंधित करने के लिए लाए गए विधेयक को देर से, लेकिन सही दिशा में उठाया गया कदम माना जाएगा। यह भी स्वागतयोग्य है कि इसके दायरे में उन ऑनलाइन गेम्स को नहीं रखा गया है, जिसमें पैसे का लेन-देन नहीं होता। बहरहाल, इस इंडस्ट्री से बहुत बड़े स्वार्थ जुड़े हुए हैं। इसलिए बिल पारित होने के बाद भी प्रस्तावित कानून के प्रभावी ढंग से लागू हो पाने को लेकर आशंकाएं बरकरार हैं। गेमिंग इंडस्ट्री इसे न्यायपालिका में चुनौती देने की तैयारी में है। इसके अलावा उसने प्रोमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के खिलाफ सरकार और अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर लॉबिंग शुरू कर दी है। इसलिए प्रस्तावित कानून को लागू करना नरेंद्र मोदी सरकार की संकल्प-शक्ति का एक बड़ा इम्तहान होगा। खुद सरकार ने बताया है कि देश के युवाओं में ऑनलाइन गेमिंग की लत बढ़ती चली गई है। इस कारण हर साल 45 करोड़ लोग पैसा गंवाते हैं। ऑनलाइन गेम में पैसा लगाने के लिए घरों के भीतर कलेश और हिंसा के मामले बढ़ते चले गए हैं। कई आत्म-हत्याओं की खबरें भी हर साल आती हैं। लोगों की इसी बदहाली की कीमत पर गेमिंग इंडस्ट्री फूल-फल रही है। उसके संचालकों का दावा है कि यह कारोबार इतना बड़ा हो चुका है कि इस इंडस्ट्री में दो लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इस कारोबार के जरिए इंडस्ट्री हर साल 20 हजार करोड़ रुपए का टैक्स सरकार को देती है। मगर सरकार को ऐसी दलीलों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। फिलहाल उसने राजस्व पर सामाजिक हित को तरजीह देने का रुख लिया है, जिस पर उसे कायम रहना चाहिए। सामाजिक बुराई को फैलाने वाले हर कारोबार से कुछ लोगों की रोजी-रोटी चलती है। बुराई को जब कभी रोका जाएगा, ऐसे लोगों को नुकसान होगा। बेशक, स्वस्थ स्थिति यह होगी कि उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए, लेकिन उसे पूर्व शर्त बना कर जुआ जैसे कारोबार से करोड़ों की बदहाली बढ़ाते रहना किसी स्वस्थ समाज को कतई मंजूर नहीं हो सकता।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए सुखद रहेगा। आज आप अपने कारोबार में अच्छा लाभ कमायेंगें। आज आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी बड़ी कम्पनी में जॉब करने का मौका मिलेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपको किसी काम में माता - पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष राशि-** वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी, जूनियर भी आपसे इंस्पायर होंगें। आज आपका पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा, जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों के अंतर्गत आपकी छवि मजबूत बनेगी। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, आगे चलकर आपको अच्छा लाभ होगा। आज पड़ोसी के साथ आपके रिश्तों में सुधार आएगा, आप उन्हें किसी फंक्शन में इनवाइट कर सकते हैं।

**मिथुन राशि -** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगें लेकिन खर्च की अधिकता रह सकती है, इसका ध्यान आपको रखना होगा। आज आपको नौकरी में ट्रांसफर से जुड़ी सूचना मिल सकती है । आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल - मेल बना रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहेगी।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत आप नए तरीके से करेंगें, आप अपनी दिनचर्या में हेल्दी फ़ूड शामिल करेंगें। आज बच्चे आपसे अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं , आपको उन्हें प्यार से समझाना होगा 7 यदि आज आप शॉपिंग करने का प्लान बना रहें हैं तो पहले आप सामान की लिस्ट बना लें।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप अपने लिए रोजगार के नए अवसर तलाश करेंगें। आज आप अपने आपको काफी तरोताज़ा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप निजी जीवन से जुड़ें कुछ अहम् फैसले ले सकतें हैं , जिनका असर भविष्य में आपको देखने को मिलेगा। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने - फिरने जायेंगें।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी से बात करते समय अपने शब्दों के ऊपर नियंत्रण बनाएं रखें। आज बच्चे आपके काम में हाँथ बटायेंगे, ये देखकर आपको प्रसन्नता होगी। आज आप किसी काम को पूरे डेडिकेशन के साथ करेंगें , जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं, साथ ही बड़ों की सलाह लेना भी उचित रहेगा। इस राशि के लेखक आज अपनी पुस्तक को पब्लिश करवा सकते हैं, जिसे लोगों के द्वारा बहुत पसंद किया जायेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी और आपकी सेहत पर इसका असर पड़ सकता है।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। आज आप टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर किसी काम को जल्द ही कम्पलीट कर लेंगें। आज आप अपना करियर मीडिया के क्षेत्र में बना सकतें हैं। इस राशि के प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन मिलने के योग बन रहें हैं। आज वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा और आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको धन लाभ के कई बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें, जिससे आपकी आर्थिक स्तिथि मज़बूत बनेगी। आज आप अपने पुराने कार्यों को कम्पलीट करके जल्द ही नए कार्यों की योजना बनायेंगें। आज इस राशि के छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा में बैठेंगें, जिसका परिणाम आपके फेवर में आएगा।

**कुम्भ राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल बना रहेगा। आज आप अपने बिजनेस को शिफ्ट करने से पहले उस जगह की अच्छे से जाँच पड़ताल कर लें। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा और आपकी सभी उलझने आज ख़त्म होंगी। आज आप बच्चों के साथ खेलना पसंद करेंगें, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज आप किसी काम को बहुत ही समझदारी और बहादुरी के साथ करेंगें, जिससे सभी लोग आपकी तारीफ करेंगें।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फैक्ट्री को खोलने का विचार करेंगे, जिसमें आप भाई की सहायता ले सकतें हैं। आज इस राशि के फैशन डिज़ाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको बिजनेस में ऑनलाइन माध्यम से बड़ा आर्डर मिल सकता है। आज आप अपने सपने को सच करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगें, जिसमें आपको परिवार का भी सहयोग मिलेगा।

# मध्यप्रदेश के कण-कण में है सौंदर्य

//डॉ. मोहन यादव//

**भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अप्रतिम सौंदर्य से समृद्ध प्रदेश है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मध्यप्रदेश सर्वाधिक सम्मोहित करने वाला राज्य है। इसके कण-कण में सौंदर्य है। जो एक बार आता है यहां की स्मृतियों के सम्मोहन में बंधकर बार-बार आता है। मध्यप्रदेश में हर आयु के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है।**

पर्यटन के संबंध में दशकों पहले की अवधारणाएं अब समाप्त हो गई हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन ने अब उद्योग का रूप ले लिया है। हमारी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों से पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि अर्थव्यवस्था में पर्यटन सर्वाधिक रोजगार उत्पन्न करने वाला सैक्टर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। इसका सकारात्मक प्रभाव सभी राज्यों के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। देश का घरेलू पर्यटन बढ़ने से मध्यप्रदेश जैसे तेजी से बढ़ते राज्य को सीधा लाभ हुआ है।

मध्यप्रदेश के शांतिप्रिय नागरिकों के लिये सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक पर्यटन नक्शे पर ध्रुव तारे जैसा चमक रहा है। हमारे पर्यटन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह अत्यंत समृद्ध और विविधता से सम्पन्न है। साथ ही जिम्मेदार और सुरक्षित भी।

प्रदेश में पर्यटन की नई-नई शाखाएं उभरी हैं। प्राकृतिक पर्यटन हो या सांस्कृतिक पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन हो या वन्यजीव पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन हो या रोमांचकारी पर्यटन, कृषि पर्यटन हो या फिल्म पर्यटन या नया उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन। इन सभी नये स्वरूपों के साथ मध्यप्रदेश की पहचान बहु आयामी पर्यटन प्रदेश के रूप में हो रही है।

प्रदेश में अब पर्यटकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। गत वर्ष देश में सर्वाधिक पर्यटक मध्यप्रदेश में आए। नैसर्गिक सौन्दर्य, वन्य प्राणी, धार्मिक स्थल, आकर्षक ऐतिहासिक विरासतें और हरे-भरे वन हमारी विशेषता हैं। हमारे वन जीवित हैं। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं। चंबल सबसे साफ नदी है जिसमें घड़ियालों का संरक्षण हो रहा है। नर्मदा मैया के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से मध्यप्रदेश अब देश का एकमात्र चीता प्रदेश बन गया है। चीतों का परिवार पालपुर कूनो में फल फूल रहा है।

सांची, खजुराहो और भीमबेटका जैसी विश्वविख्यात धरोहर हमारी वैश्विक सांस्कृतिक पहचान है। अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल के पत्थर कला स्थल, भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर, रामनगर मंडला के गोंड स्मारक और मंदसौर का धमनार भी जुड़ने की तैयारी में हैं। इसके अलावा नर्मदा परिक्रमा, गोंड चित्रकला और भगोरिया उत्सव भी पर्यटन के नक्शे पर प्रमुखता से उभरे हैं। मध्यप्रदेश ऐसा अग्रणी राज्य बन गया है, जिसने सबसे ज्यादा 18 स्थलों को विश्व विरासत सूची में शामिल करने की पहल की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश के पर्यटन को नई दिशा मिली है। केन्द्र का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां ईको सेंसिटिव जोनल मास्टर प्लान बनाने का काम शुरू किया गया और 27 राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों में से सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान और बोरी वन्य जीव अभयारण्य में पूरा हो गया। हैरिटेज पर्यटन की कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। प्रदेश में अधोसंरचना मजबूत होने, सड़क संपर्क में निरंतर सुधार होने और केन्द्र सरकार के सहयोग से रेल सुविधाओं के बढ़ने से पर्यटन क्षेत्र और उद्योग को लाभ मिला है। इस क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है। हाल में रीवा पर्यटन कॉन्क्लेव में तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। पर्यटन स्थलों में सुविधाएं निरंतर बढ़ाई जा रही हैं। पीएमपर्यटन वायु सेवा की शुरुआत हुई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सतना और सिंगरौली के मध्य वायु सेवा का संचालन हो रहा है।

मध्यप्रदेश सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। इसी समय आध्यात्मिक पर्यटन भी निरंतर विस्तार ले रहा है। भगवान श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन और यहां श्रीमहाकाल लोक विश्व विख्यात हैं। पिछले साल सात करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। प्रदेश की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान में आध्यात्मिक पर्यटन भागीदारी को और ज्यादा सशक्त बनाने की तैयारी चल रही है।

ओरछा में भगवान श्रीराम का मंदिर है। यह विश्व का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान को राजा के रूप में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। यह अभूतपूर्व आध्यात्मिक घटनाक्रम है। यहां भगवान श्रीराम राजा की सरकार स्थापित है। ग्वालियर के ऐतिहासिक भव्य किले के संबंध में उल्लेख मिलता है कि भारत में पहली बार जीरो का लिखित इस्तेमाल कहां हुआ। ग्वालियर किले में नवीं शताब्दी के इस चतुर्भुज मंदिर में शून्य का सबसे शुरुआती शिलालेख पर उकेरा हुआ प्रमाण मिलता है। इस मंदिर को दुनिया में टैंपल ऑफ जीरो के नाम से भी पहचाना जाता है। धार्मिक आयोजनों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। बाबा श्रीमहाकाल की दिव्य सवारी को भव्य रूप दिया गया। रक्षा बंधन के त्यौहार और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को सार्वजनिक रूप से प्रदेश के कोने-कोने में मनाया गया।

धार्मिक महत्व के स्थलों में धार्मिक और सांस्कृतिक लोगो और स्मारकों का निर्माण आध्यात्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा। संत रविदास लोक सागर, रानी दुर्गावती स्मारक जबलपुर, देवी लोक सलकनपुर सीहोर, रामराजा लोक ओरछा, जाम सांवली हनुमान लोक पांढुर्ना, पशुपतिनाथ लोक मंदसौर, परशुराम लोक जानापाव महू, महाराणा प्रताप लोक भोपाल, भादवा माता लोक नीमच, रानी अवंतीबाई स्मारक जबलपुर, माँ नर्मदा महालोक अमरकंटक अनूपपुर, देवी अहिल्या लोक खरगौन और नागलवाड़ी लोक बड़वानी में किया जा रहा है।

एक ओर जहां आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन समृद्ध हो रहा है वहीं दूसरी ओर फिल्म पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। फिल्म निर्माताओं को मध्यप्रदेश में आकर्षक सुविधाएं मिल रही हैं। कई प्रसिद्ध फिल्मों की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। इससे स्थानीय कलाकारों को फिल्मो में काम मिला। फिल्म यूनिट के सदस्यों को होम स्टे की सुविधाओं का लाभ मिला। होम स्टे की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति को देखने-समझने में होम स्टे अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। फिलहाल 100 पर्यटन ग्राम विकसित किए गए हैं, जिनमें से 63 पर्यटन ग्राम विकसित हो चुके हैं। इनमें 470 से ज्यादा होम स्टे हैं। देश के पहले हैंडलूम गाँव प्राणपुर को वैश्विक पहचान मिली है। गॉड, भील पेंटिंग और मांडना आर्ट जैसी जनजातीय कलाओं से पर्यटक परचित हुए हैं।

हमारा लक्ष्य है कि पर्यटन उद्योग का निरंतर विस्तार हो, ताकि पर्यटन की संभावनाओं को पूरी तरह रोजगार सृजन के लिये उपयोग किया जा सके। वर्ष 2024 में 13 करोड़ 41 लाख से ज्यादा पर्यटक प्रदेश में आये, जो एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। बांधवगढ़, कान्हा, पन्ना और पेंच में आवागमन बढ़ा है। जिस प्रकार मध्यप्रदेश ने आर्थिक निवेश के द्वार खोले हैं, पर्यटन क्षेत्र पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी, उद्योग समूहों के सहयोग और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से पर्यटन का क्षेत्र मध्यप्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# भारत की आत्मा से जुड़ी भाषा उर्दू

//विवेक शुक्ला//

**इधर देखने में आ रहा है कि अपने को उर्दू का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताने वाले कुछ विद्वान कहते मिल जाते हैं कि अब भारत में उर्दू का कोई मुस्तकबिल (भविष्य) नहीं है। क्या इस तरह की कोई बात है। कतई नहीं। बीते दिनों पटना में भारत में उर्दू इतिहास, वर्तमान और भविष्य पर चर्चा हुई। निष्कर्ष यह निकला कि उर्दू का भारत में रोशन भविष्य है। यह एक भाषा होने के साथ-साथ, तहजीब, परंपरा और प्यार की भाषा भी है, जो भारत की कोख से जन्मी है, और हर भारतीय भाषा, क्षेत्र, समाज, धर्म और संस्कृति की सुगंध शामिल है इसमें।**

यह भारत की आत्मा से जुड़ी भाषा है। यह विकसित भारत की भाषा है। अगर बात हिन्दी और उर्दू के संबंधों की करें तो हिन्दी और उर्दू, दोनों ही हिन्दुस्तानी भाषा की दो प्रमुख शाखाएं हैं। दोनों व्याकरणिक संरचना और मूल शब्दावली में लगभग समान हैं, लेकिन लिपि, शब्दावली का चयन और सांस्कृतिक प्रभावों के कारण अलग-अलग पहचान रखती हैं। सिनेमा और मीडिया में भी दोनों भाषाएं एक-दूसरे की पूरक के रूप में दिखाई देती हैं, जैसे बॉलीवुड फिल्मों में हिन्दी-उर्दू का मिश्रित प्रयोग। हालांकि, राजनीतिक और सांप्रदायिक कारणों ने इन भाषाओं को अलग करने की कोशिश की, फिर भी इनके साझा मूल और सांस्कृतिक विरासत ने इन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखा।

हिन्दी और उर्दू का यह अनोखा रिश्ता भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। उर्दू के साथ नाइंसाफी यह हुई कि इसे मुसलमानों की भाषा समझ लिया गया। विभाजन और पाकिस्तान बनने का जिम्मेदार तक समझ लिया गया, जो गलत है। उर्दू के गैर-मुस्लिम लेखकों और शायरों की भी कोई कमी नहीं है। इनमें फिराक गोरखपुरी, कृष्ण चंदर, मोहिंदर सिंह बेदी, राजेंद्र सिंह बेदी, जगन्नाथ आजाद, कृष्ण बिहारी नूर, गोपी चंद नारंग शामिल हैं।

क्या केंद्र की मौजूदा सरकार देश में उर्दू के हक में काम कर रही है। इस बारे में सहमति थी कि मोदी सरकार ने उर्दू से जुड़ी संस्थाओं और संस्थानों को अपने राष्ट्र विकास मंत्र, 'सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वासऔर सब का प्रयास' से जोड़ा है जिसका जीता जगता उदाहरण नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज का पटना में अंतरराष्ट्रीय स्तर का त्रि-दिवसीय समागम-उर्दू भाषा का भविष्य, विकसित भारत 2047-था।

देखिए, उर्दू भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनमोल रत्न है, जो इस देश की मिट्टी से उपजी है और इसके लोगों के दिलों में बसी है। यह भाषा न केवल शब्दों का समूह है, बल्कि ऐसी सांस्कृतिक धारा भी है जो विभिन्न समुदायों को प्रेम और भाईचारे के सूत्र में बांधती है। उर्दू की मधुरता, शायरी, गजलें और कविताएं भारतीय साहित्य और कला को अनूठा आयाम प्रदान करती हैं। यह भाषा भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता और सौहार्द का संदेश देती है। उर्दू का जन्म भारत की मिट्टी में हुआ, और यह संस्कृत, प्राकृत, फारसी, अरबी और तुर्की जैसी भाषाओं के मेल से विकसित हुई। इसकी उत्पत्ति दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में हुई, जहां इसे 'हिन्दवी' या 'देहलवी' के रूप में जाना जाता था। समय के साथ, उर्दू ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और आज भारत की प्रमुख भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। भारत के संविधान में उर्दू को 22 अनुसूचित भाषाओं में शामिल किया गया है, जो इसकी महत्ता को दर्शाता है।

उर्दू की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी समावेशी प्रकृति में निहित है। उर्दू ने हमेशा से सभी को गले लगाया है, और इसे हिन्दुस्तान के हर कोने में प्रेम मिला है। चाहे उत्तर प्रदेश की गलियों में गूंजती गजलें हों, हैदराबाद की दक्कनी उर्दू हो, या कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के साहित्यिक समारोह हों, उर्दू हर जगह अपनी छाप छोड़ती है। इसकी शायरी और साहित्य में वह जादू है, जो सुनने वाले को भावनाओं के सागर में डुबो देता है। मिर्जा गालिब, दाग देहलवी, मीर तकी मीर और फैज अहमद फैज जैसे शायरों ने उर्दू को ऐसी ऊंचाई दी, जो विश्व साहित्य में बेमिसाल है। उर्दू को बढ़ावा देने के लिए भारत में कई संस्थान और संगठन काम कर रहे हैं। उर्दू अकादमियां, साहित्यिक समारोह और स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई इस भाषा को जीवित और समृद्ध रखने में योगदान दे रही हैं। ईमानदारी की बात तो यह है कि जहां-जहां कोई उर्दू बोलता है, वहां-वहां हिन्दुस्तान बोलता है। राजा राम मोहन रॉय, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, मुरली मनोहर जोशी आदि सभी मदरसों के छात्र रहे हैं। उर्दू ने विकसित और सुरक्षित भारत के लिए 'चमन', 'गुलजार', 'गुलशन', 'बाग-ओ-बहार', 'गुल-ए-बहार' आदि शब्दों का प्रयोग किया है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि उर्दू का वर्तमान और भविष्य रोशन है। हां, अब उर्दू के दोस्तों और दुश्मनों की पहचान करना लाजिमी है।

## इक्कीसवीं सदी की असली त्रासदी अकाल

हम असाधारण समय में जी रहे हैं। इक्कीसवीं सदी में कैसी सुर्ख़ियां पढ़ने को मिल रही है। बात दो टूक है। साफ कहां जा रहा है कि ग़ाज़ा में अकाल घोषित हो चुका है। क्या कुछ बदलेगा। सवाल पूछे जाने से पहले ही जवाब तय था नहीं। और यही समय की असाधारणता याकि असाधारण क्रुरता है। अकाल, भूखमरी अतीत की आम बात थी। असफल मानसून, टिड्डियों के हमले, या खेतों के उजड़ जाने से ऐसे हालात बनते थे। पर आधुनिकता ने, इक्कीसवीं सदी नया रूप दे रही है। मनुष्य के हाथों से, नाकेबंदी-दर- नाकेबंदी और घेराबंदी-दर-घेराबंदी से भूखमरी की नौबत! नकली अकाल और असल भूखमरी। यह भी मानों एक हथियार–सुनियोजित, सोचा-समझा, और युद्ध की रणनीति में इस्तेमाल किया गया। बमों के मुकाबले बिना धमाकों के, पर उतना ही विनाशकारी।

कहते है भारत का 1943 का बंगाल अकाल प्रकृति की मार नहीं था, बल्कि ब्रितानी साम्राज्य की लापरवाही, एक अपराध था। जब चावल सरकारी गोदामों में सड़ रहे थे, जहाज़ अनाज लेकर ब्रिटेन के युद्ध प्रयासों के लिए रवाना हो रहे थे, तब लाखों भारतीय खेतों और सड़कों पर भूख से मर रहे थे। चर्चिल ने जब मौतों की ख़बर सुनी, तो ताना मारा- भारतीय खरगोशों की तरह बढ़ रहे हैं। तब तीस लाख लोग मरे। वह अकाल नहीं, उपनिवेशवादी नरसंहार था- सुनियोजित, अनुमति-प्राप्त, लम्बा खींचा गया। अकाल तब भूख भर का नहीं था–वह अपमान था, सत्ता का वह क्रूर फ़ैसला कि कौन जिएगा और कौन मरेगा।

आज वैसी ही नैतिक शून्यता दुनिया के सामने है। ग़ाज़ा का अकाल भोजन की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि भोजन से वंचित किया जाना है। नेतन्याहू की नाकेबंदी चर्चिल की नीति की गूँज है–भूख, दुर्भाग्य नहीं बल्कि हथियार है। बंगाल साम्राज्य के लिए जो था, ग़ाज़ा कब्ज़े के लिए वही है–भूख को रणनीति में बदलने की हद तक जाना। और वैश्विक आक्रोश। वह भी खोखला। सप्ताहांत में फिर ग़ाज़ा सिटी पर बम गिरे। अकाल घोषित होने के बावजूद बम गिरे। इसी बीच इज़रायल ने वेस्ट बैंक में 3,400 नए यहूदी घरों की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय निंदा हुई, लेकिन निर्माण रुका नहीं। जिनेवा कन्वेंशन जैसी क़ानूनी बाध्यताएँ भी निष्प्रभावी लगती हैं। और वैश्विक ढोंग फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया ने फ़िलस्तीन को मान्यता देने का वादा किया, लेकिन अमेरिका–वह इकलौता देश जिसके पास इज़रायल पर असली दबाव डालने की क्षमता है–चुप है। पश्चिम, जिसकी अंतरात्मा कभी होलोकॉस्ट से दहली थी, अब दूसरी क़ौम को भूख से झुकते देख मुँह फेर रहा है।

और भारत भी चुप है। सब इतने निर्दयी कैसे हो गए? अगर इतिहास ने कुछ सिखाया था तो यही कि एक-दूसरे पर क्रूर न हों। और फिर भी इतिहास उसी भाषा में दुबारा लिखा जा रहा है–वही निर्ममता, वही निर्दयता, वही ठंडी क्रूरता। इतिहास याद दिलाता है कि यह नया नहीं। दुनिया ने 1930 के दशक में यूक्रेन का होलोडोमोर देखा, जब स्तालिन की नीतियों ने लाखों को भूख से मार डाला था। लेकिन राजनीति ने उसे भी दबाया। 1960 के दशक में बियाफ़्रा, 1980 में इथियोपिया, 2011 में सोमालिया–इनका हर बार अकाल टीवी पर लाइव था, हर बार सहानुभूति मिली, नतीजा कुछ नहीं निकला। अब ग़ाज़ा भी उसी शर्मनाक सूची में शामिल है–एक अकाल जो खेतों में छिपा नहीं, बल्कि कैमरों पर दर्ज हो रहा है, पत्रकारों द्वारा गवाही के साथ, जिन्हें खुद निशाना बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर खुला, अटल, और फिर भी झुठलाया गया।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटना में अपनी मतदाता अधिकार यात्रा के समापन पर एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए।



मानसून के मौसम में उफनती यमुना नदी। हथिनीकुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण सोमवार दोपहर 12 बजे पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर यमुना का जलस्तर 204.87 मीटर तक पहुँच गया।



कोलकाता में गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में वामपंथी दलों के सदस्य रैली में भाग लेते हुए।



भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान में भारतीय सहायता ले जाते ट्रक।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, कोलकाता के मैदान इलाके में गांधी प्रतिमा के पास लगाए गए पार्टी के मंच को भारतीय सेना के जवानों द्वारा कथित तौर पर गिराए जाने के बाद पहुँचीं।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल के विरोध में भाजपा नेता और पार्टी की महिला मोर्चा की सदस्य एक विरोध रैली में भाग लेती हुईं।



पंजाब के जालंधर में भारी बारिश के बाद पानी से भरे अंडरपास के ऊपर से गुजरती एक ट्रेन।

# अल्पसंख्यक स्कूलों को आरटीई कानून से मिलेगी छूट, अब सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच करेगी विचार



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यक स्कूलों को शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के दायरे से बाहर रखने संबंधी 2014 के फैसले के औचित्य पर संदेह जताते हुए सोमवार को मामले को निर्णय के लिए एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्ययन सहित रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री का हवाला देते हुए निराशा व्यक्त की कि कानून के दायरे से इन स्कूलों को अलग रखने के फैसले ने दुरुपयोग के लिए मैदान तैयार कर दिया।पीठ ने कहा, हम अत्यंत विनम्रता के साथ यह कहना चाहते हैं कि प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले में लिया गया निर्णय अनजाने में प्राथमिक शिक्षा की नींव को खतरे में डाल रहा है। अल्पसंख्यक संस्थानों को आरटीई कानून से छूट देने से समान स्कूली शिक्षा की अवधारणा प्रभावित होती है और अनुच्छेद 21ए में निहित समावेशिता और सार्वभौमिकता का विचार कमजोर होता है।अनुच्छेद 21ए के अनुसार, सरकार छह से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि आरटीई कानून बच्चों को बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित शिक्षक, किताबें, वर्दी और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करता है।

हालांकि, शिक्षा का अधिकार कानून के दायरे से बाहर रखे गए अल्पसंख्यक स्कूल इन सुविधाओं को प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं हैं। पीठ ने कहा- कुछ अल्पसंख्यक स्कूल आरटीई कानून के तहत अनिवार्य सुविधाएं प्रदान करते हैं, लेकिन कई अन्य ऐसा नहीं कर पाते, जिससे छात्रों को ये सुविधाएं नहीं मिल पातीं। पीठ ने यह भी कहा कि आरटीई कानून शैक्षणिक प्राधिकारों के माध्यम से समान पाठ्यक्रम मानकों को सुनिश्चित करता है, जो प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देता है। हालांकि, अल्पसंख्यक संस्थान ऐसे दिशा-निर्देशों के बिना काम करते हैं, जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों को यह अनिश्चितता रहती है कि उन्हें क्या और कैसे पढ़ाया जाएगा।शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि यह स्थिति बच्चों को एकजुट करने के बजाय विभाजित और कमजोर करती है। पीठ ने कहा- यदि लक्ष्य एक समान और एकजुट समाज का निर्माण करना है तो ऐसी छूट हमें विपरीत दिशा में ले जाती है। सांस्कृतिक और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के प्रयास के रूप में शुरू की गई इस पहल ने अनजाने में एक नियामकीय खामी पैदा कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा का अधिकार कानून द्वारा निर्धारित व्यवस्था को दरकिनार करने के लिए अल्पसंख्यक दर्जा चाहने वाले संस्थानों में वृद्धि हुई है।

## ये कैसी व्यवस्था? उत्तराखंड के इस जिले में मौत के लिए देखना पड़ता है टाइम-टेबल! तब हो सकेगा पोस्टमार्टम

**अल्मोड़ा।** अक्सर स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को लेकर सुर्खियों में रहने वाले अल्मोड़ा जिले में शव का पोस्टमार्टम कहां होगा यह मौत का दिन निर्धारित करता है। मेडिकल कालेज और स्वास्थ्य महकमे ने अपनी-अपनी सुविधा अनुसार सप्ताह में पोस्टमार्टम के दिन निर्धारित किए हैं।सप्ताह के शुरुआती दिनों में जहां पोस्टमार्टम मेडिकल कालेज के अधीन बेस में होता है, वहीं बाद के दिनों में पोस्टमार्टम स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर एनटीडी स्थित मोर्चरी में करते हैं। ऐसे में शव को लेकर स्वजन को चक्कर काटना मजबूरी बन गया है।जिले में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग जैसे दो महत्वपूर्ण विभाग हैं। लेकिन यहां सुविधाओं का इतना अभाव है कि बेहतर इलाज तो दूर शव के पोस्टमार्टम तक करने के लिए दिन बांट दिए गए हैं। ऐसे में मौत चाहे किसी भी अस्पताल में हो, उसका पोस्टमार्टम चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा विभाग के नियम के अधीन उस मोर्चरी में होगा, जहां का दिन निर्धारित हैं।सप्ताह के शुरुआती तीन दिन ही मेडिकल कालेज के अधीन बेस में पोस्टमार्टम की सुविधा मिलेगी, बाकी तीन दिन एनटीडी स्थित मोर्चरी की दौड़ लगानी पड़ती है।

### भारत ने रूस से तेल खरीदने में नहीं तोड़े नियम

# ट्रंप के करीबी नवारो पर हरदीप सिंह पुरी का पलटवार



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की लान्ड्रोमैट (मुनाफाखोर) वाली टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है और यूक्रेन युद्ध के समय से उसके ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने में मदद की है। उन्होंने ट्रंप के डेड इकानमी वाले बयान पर भी पलटवार किया। पुरी ने ट्रंप की भारत विरोधी डेड इकानमी वाली बयानबाजी का खंडन करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि पर प्रकाश डाला जिसे दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज माना गया है।एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित अपने लेख में उन्होंने कहा, किसी भी महान सभ्यता की परीक्षा उसके कठिन क्षणों में होती है। अतीत में जब भी संदेह किया गया तो भारत ने हरित क्रांति, आईटी क्रांति और शिक्षा एवं उद्यम के माध्यम से लाखों लोगों को आगे बढ़ाने के लिए सम्मान के साथ जवाब दिया। 1991 के संकट से उदारीकरण आया और कोविड-19 महामारी से डिजिटल प्रगति आई। पुरी ने मुनाफाखोरी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से फरवरी, 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से भी पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है और इसके निर्यात की मात्रा और मार्जिन मोटे तौर पर समान रहे हैं। उन्होंने नवारो का सीधे नाम लिए बिना लिखा, कुछ आलोचकों का आरोप है कि भारत रूसी तेल के लिए लान्ड्रोमैट बन गया है। यह बात सच्चाई से कोसों दूर है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह नवारो ने एक्स पर कई पोस्टों में रूस-यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध करार दिया था और नई दिल्ली पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीनको वित्तपोषित करने का आरोप लगाया था। पुरी ने उनका विरोध करते हुए कहा कि ईरानी या वेनेजुएला के कच्चे तेल के विपरीत, रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा, यह (रूसी तेल) जी-7/यूरोपीय संघ की मूल्य सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे जानबूझकर राजस्व पर एक सीमा लगाते हुए तेल का प्रवाह बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे पैकेजों के 18 दौर हो चुके हैं, और भारत ने हर एक का पालन किया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत द्वारा किया गया हर लेन-देन वैध रहा है।

# पाकिस्तान से ऐसे झारखंड पहुंचता था हथियार, मलेशिया से पाक वर्कर पहुंचाते थे पैसा, मयंक ने किए बड़े खुलासे



**रांची।** कुख्यात अमन साव गिरोह के हार्डकोर अपराधी सुनील सिंह मीणा उर्फ मयंक सिंह को झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने छह दिनों तक पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भेज दिया है। छह दिनों की पूछताछ के दौरान मयंक सिंह ने कई सनसनीखेज खुलासा किया है। उसने झारखंड में हथियार आपूर्ति का पाकिस्तान लिंक बताया है। उसने बताया है कि सभी छोटे-बड़े हथियारों की आपूर्ति पाकिस्तान से होती थी। मेड इन पाकिस्तान हथियार पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार पंजाब में भेजा जाता था। पंजाब से मयंक सिंह सड़क या रेल मार्ग से उक्त हथियार झारखंड में भेजता था। वह एक बार दस हथियार भेजा था। ऐसे छिटपुट में कई बार उसने झारखंड में अमन साव गिरोह को हथियार की आपूर्ति की थी। इस स्वीकारोक्ति के बाद अब मयंक सिंह के विरुद्ध देशद्रोह की धाराएं भी लगेंगी और उसके विरुद्ध आतंकवाद का केस भी चलेगा। सुनील सिंह मीणा उर्फ मयंक सिंह कुख्यात अंतरराष्ट्रीय अपराधी लारेंस विश्नोई का सहयोगी तो था ही, उसके माध्यम से कुख्यात अपराधी अमन साव से भी उसके संबंध हो गए थे। लारेंस विश्नोई ने ही मयंक सिंह का परिचय अमन साव से करवाया था।इसके बाद अमन साव की मांग पर मयंक सिंह ने लारेंस विश्नोई के माध्यम से कई बार अमन साव को हथियारों की आपूर्ति की। झारखंड में हथियारों की आपूर्ति के बदले अमन साव ने हवाला के जरिये करोड़ों रुपये पाकिस्तान भिजवाया था। हवाला के जरिये रुपये पहले यूरोप भेजे जाते थे। यूरोप से उक्त राशि थाइलैंड व मलेशिया भेजा जाता था। मलेशिया के कुआलालंपुर में पाक पंजाब रेस्टोरेंट। इसी रेस्टोरेंट में कार्यरत पाकिस्तानी वर्कर से पैसा पहुंचता था पाकिस्तान। सुनील सिंह मीणा कभी मलेशिया तो कभी अजरबैजान में रहता था। मलेशिया के कुआललंपुर में पाकिस्तान के दो रेस्टोरेंट हैं।

उनमें से एक रेस्टोरेंट का नाम पाक पंजाब रेस्टोरेंट है, जिसमें पाकिस्तानी वर्कर कार्यरत हैं।हवाला के रुपये उन पाकिस्तानी वर्कर के माध्यम से पाकिस्तान पहुंचाया जाता था। पाकिस्तानी हथियार आपूर्तिकर्ताओं तक उक्त राशि पहुंचती थी, जिसके बदले में पाकिस्तान से हथियार की आपूर्ति होती थी।रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल के समीप अपराधियों ने कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर सात मार्च को अपराधियों ने गोली चलाई थी। इस घटना में विपिन मिश्रा जख्मी हो गए थे। उनपर जिस हथियार से गोली चली थी, वह हथियार भी मेड इन पाकिस्तान था।

## 5 साल की बच्ची की दे दी बलि, फिर नदी में फेंक दी लाश, गांव में डर का माहौल

**अहमदाबाद।** आणंद जिले के एक गांव में साढ़े पांच वर्षीय बच्ची की बलि देने के बाद शव को नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि हत्या के आरोप में गांव के ही एक युवक को हिरासत में लिया गया है। इस घटना से नाराज गांव वालों ने सोमवार को पुलिस थाने का घेराव किया। आणंद की आंकलाव तहसील के नवाखल गांव में शनिवार शाम को एक बच्ची गुम हो गई थी। ग्रामीणों ने उसकी तलाश की तो पता चला कि गांव का ही एक युवक अजय पढीयार उसे गांव से लेकर निकला था । क्षत्रिय करणी सेना के प्रवक्ता संजय सिंह का आरोप है कि बच्ची की बलि के इरादे से अपहरण किया गया तथा तांत्रिक क्रिया करने के बाद शव नदी में फेंक दिया। इस घटना के बाद से गांव वाले गुस्से में हैं डर की वजह से दो दिन से बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। पुलिस ने अजय को गिरफ्तार किया है, उसने अपराध स्वीकारते हुए शव को नदी में फेंकने की बात स्वीकार कर ली है।

# बेंगलुरु में लिव इन पार्टनर को जिंदा जलाया

### पहले कार में लगाई आग फिर पेट्रोल डालकर फूंक दिया

**बेंगलुरू, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

कर्नाटक के बेंगलुरु में लिव-इन पार्टनर की जिंदा जलाकर हत्या का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोपित ने पहले कार सवार लिव-इन पार्टनर का पीछा किया। फिर सिग्नल पर गाड़ी रुकवाकर पेट्रोल छिड़क दिया। घटना शनिवार की है।कार में कुल तीन लोग सवार थे। महिला कार से निकलकर भागी तो आरोपित ने उसका पीछा किया। उस पर और पेट्रोल डाला और लाइटर से उसे आग लगा दी। महिला 60 प्रतिशत झुलस चुकी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित 50 वर्षीय विट्ठल एक कैब ड्राइवर और शराब पीने का आदी है। मृतक महिला का नाम वनजाक्षी था। वह 35 साल की थी।दोनों लगभग चार साल पहले लिव-इन रिलेशनशिप में थे। एफआईआर के अनुसार वनजक्षी तीन साल पहले अपने पति से अलग हो गई थी और अपने बेटे के साथ अकेली रह रही थी।

## राजस्थान में ड्रोन से कराई गई बारिश, 40 मिनट में 0.8 मिलीमीटर हुई बरसात, जगी उम्मीद



**जयपुर।** राजस्थान में ड्रोन और एआई की मदद से कृत्रिम वर्षा करने का प्रयास आखिरकार सफल हुआ। जयपुर के रामगढ़ बांध इलाके में कृत्रिम वर्षा कराने की कोशिश लगातार की जा रही थी।सबसे पहले 12 अगस्त, फिर 18 अगस्त को कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार को रामगढ़ बांध पर फिर क्लाउड सीडिंग ऑपरेशन किया गया। इसके तहत हाइड्रोट्रेस (एआई संचालित प्लेटफॉर्म) व मेक इन इंडिया ड्रोन का उपयोग किया गया और क्लाउड सीडिंग कराई गई।ऑपरेशन सुबह 6.30 से 11.30 बजे तक चला, जिससे 40 मिनट में 0.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की पहल पर निजी कंपनी जेनएक्स एआई पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह प्रयोग कर रही है। क्लाउड सीडिंग में सिल्वर आयोडाइड, सोडियम क्लोराइड या ड्राई आइस जैसे रसायन ड्रोन, हेलिकॉप्टर या प्लेन से बादलों में छोड़े जाते हैं। ये रसायन पानी की सूक्ष्म बूंदों को आकर्षित कर उन्हें भारी बनाते हैं, जिससे वर्षा होती है। हालांकि, इसके लिए बादलों में पर्याप्त नमी का होना जरूरी है।

# पाकिस्तान में ड्रोन की मदद से निकाले जा रहे बाढ़ में फंसे लोग

### अब तक 9 लाख लोगों का हुआ रेस्क्यू



**मुल्तान, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आपातकालीन कर्मचारियों ने भीषण बाढ़ में छतों पर फंसे लोगों को ढूंढने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। सरकार ने अपने बचाव अभियान में अब तक नौ लाख से अधिक लोगों को निकाला है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित जिलों और देश के अन्य स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है, जहां कई सप्ताह से सामान्य से अधिक बारिश हो रही है। पिछले सप्ताह भारत के बांधों से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण नदियां उफान पर आकर निचले इलाकों में पहुंच गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि देश का सबसे अधिक आबादी वाला प्रांत पंजाब अब तक की सबसे बड़ी बाढ़ का सामना कर रहा है। मुल्तान और झांग जिलों में सोमवार को निवासियों ने बाढ़ के पानी में अपना सामान लेकर सड़कों के किनारे और ऊंची जगहों पर पहुंचे।उन्होंने बचावकर्मियों का इंतजार किया और फिर लगभग पांच फुट गहरे पानी को खुद पार करके सुरक्षित स्थान पर पहुंचे, जबकि कई अन्य लोग अभी भी फंसे हुए हैं।

# लोगों को आ रहा e-PAN डाउनलोड करने का मेल लेकिन क्लिक करने पर सब कुछ गंवा बैठेंगे आप




**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

आप में से कई लोगों को बीते कुछ दिनों में एक मेल जरूर मिला होगा, जिसमें आपसे अपना ई-पैन डाउनलोड करने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन ऐसे किसी भी मेल पर क्लिक करने से पहले सावधान हो जाइए। वरना एक गलती से आप अपना सब कुछ गंवा बैठेंगे। पीआईबी फैक्ट चेक ने इस संबंध में एक चेतावनी जारी की है। इसके मुताबिक, लोगों को आयकर विभाग के फर्जी नाम से आने वाले मेल को लेकर सावधानी बरतनी चाहिए। इस मेल में लोगों को ई-पैन डाउनलोड करने की सुविधा देने का दावा किया जा रहा है।आयकर विभाग ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह ईमेल के माध्यम से किसी से भी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी नहीं मांगता। विभाग की तरफ से किसी के बैंक खातों, क्रेडिट कार्ड या अन्य फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म के लिए पिन नंबर, ओटीपी या पासवर्ड नहीं मांगा जाता।पीआईबी ने कहा है कि ऐसे फर्जी मेल आपकी संवेदनशील जानकारी चुरा सकते हैं और फिशिंग के जरिए आपके डिवाइस से छेड़छाड़ की जा सकती है। लोगों को सलाह दी गई है कि ऐसी किसी भी मेल का न तो उत्तर दें, न ही इसमें लगे अटैचमेंट खोले, क्योंकि यह वायरल हो सकता है। कई बार जालसाज आयकर विभाग की तरह दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर भी लोगों को चूना लगाने का प्रयास करते हैं।

किसी भी ब्राउजर में संदिग्ध लिंक को न खोले और न ही कोई एप या सॉफ्टवेयर डाउनलोड करें। आयकर विभाग से असंबंधित फिशिंग ईमेल incident@cert-in.org.in पर रिपोर्ट किए जा सकते हैं।

## नहीं बंद हो रहा हूती विद्रोहियों का उत्पात, लाल सागर में तेल के टैंकर पर दागी मिसाइल

**यमन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने लाल सागर में सऊदी अरब के तट पर एक तेल टैंकर पर मिसाइल दागी है, जिससे इस अहम समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर उनके हमले फिर से शुरू होने की आशंका है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने एक रिकॉर्डेड संदेश में इस हमले की जिम्मेदारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस जहाज स्कारलेट रे को निशाना बनाया गया, उसका संबंध इजरायल से है। ब्रिटिश सेना के पश्चिम एशिया में नौवहन पर नजर रखने वाले यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने पहले बताया कि एक जहाज ने सऊदी अरब के पास तट पर पानी में धमाके की आवाज सुनी। नवंबर 2023 से दिसंबर 2024 के बीच हाउतियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के कारण 100 से अधिक जहाजों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया।हूतियों के नए हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब इजराइल-हमास युद्ध में संभावित नए युद्धविराम पर अनिश्चितता बनी हुई है।

# अक्टूबर में पूरा होगा रामजन्मभूमि परिसर का VVIP द्वार, इस वजह से हो रही देरी



**अयोध्या, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

रामजन्मभूमि परिसर के अतिविशिष्ट (वीवीआईपी) प्रवेश द्वार का निर्माण करा रहा उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) अपने ही वायदे पर खरा उतर पाने में अक्षम साबित हो रहा है। यद्यपि इसका प्रमुख कारण गत दिनों हुई बारिश बताई जा रही है। यह अलग बात है कि कार्यदायी संस्था ने श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की डेडलाइन से पहले अक्टूबर तक प्रवेश द्वार का निर्माण अवश्य पूरा करा देने की बात कही है। नवंबर में रामजन्मभूमि के विभिन्न मंदिरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। ट्रस्ट की ओर से रामजन्मभूमि परिसर के चारो प्रवेश द्वारों के निर्माण का दायित्व उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को सौंपा गया है। इसी वर्ष अप्रैल माह में यूपीआरएनएन ने क्रासिंग संख्या-11 पर अति विशिष्ट प्रवेश द्वार का निर्माण शुरू कराया है। इस वीवीआईपी प्रवेश द्वार को अन्य द्वारों की अपेक्षा भव्यतम बनाया जाना है। ट्रस्ट की ओर से दी गई डेडलाइन के अनुसार कार्यदायी एजेंसी को नौ माह में प्रवेश द्वार का निर्माण पूर्ण कराना है, परंतु एजेंसी ने स्वयं लक्ष्य तय करते हुए इसे सितंबर तक ही निर्मित करा देने की बात कही थी। निर्माण प्रारंभ होने के बाद बड़ी तेजी से कार्य भी चल रहा था, लेकिन गत दिनों हुई भारी बारिश से कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो गया और इसमें लगने वाला लोहे का गेट भी अभी बन कर नहीं पहुंचा है। वर्तमान में इसका स्ट्रक्चर लगभग तैयार हो चुका है। इस पर बीम भी ढाली जा चुकी है।

अब इस पर चार-चार फीट के चार उपशिखरों का निर्माण होना है। इसके बाद फिनिशिंग होगी और चारों ब्लाक में लोहे के चार गेट लगेंगे, जिनमें से दो से प्रवेश व दो से निकासी होगी। यूपीआरएनएन के एक अधिकारी ने बताया कि क्रासिंग-11 पर निर्माणाधीन प्रवेश द्वार का लगभग 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है।इस प्रवेश द्वार की चौड़ाई 34 मीटर, लंबाई 17 मीटर और ऊंचाई छह मीटर है। 38 स्तंभों पर इसका स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। उनका कहना था कि अब सितंबर तक तो नहीं लेकिन अक्टूबर में हर हाल में निर्माण पूरा हो जाएगा। इसके बाद क्रासिंग-तीन पर वीआईपी प्रवेश द्वार का निर्माण प्रारंभ होगा। रामजन्मभूमि परिसर के उत्तरी प्रवेश द्वार का निर्माण पूरा हो गया है।

# बाढ़ प्रभावित जम्मू-कश्मीर में हालात का जायजा लेने के बाद दिल्ली लौटे अमित शाह



**जम्मू, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बाढ़ से प्रभावित जम्मू-कश्मीर में हालात का जायजा लेने के बाद दिल्ली लौट गए। उनके यहां दौरा सिर्फ जम्मू प्रांत की बाढ़ प्रभावित जनता और प्रदेश प्रशासन को भी बाढ़ से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मुरम्मत और पुनर्बहाली के लिए केंद्र से आवश्यक वित्तीय पैकेज दिलाने तक सीमित नहीं है। उनका यह दौरा प्रदेश के मौजूदा आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर भी महत्व रखता है। केंद्रीय गृहमंत्री ने अपने दौरे के दौरान सिर्फ पीड़ितो के आंसू पोंछने का काम नहीं किया है, उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए पहलगाम जैसी किसी दूसरी की घटना की पुनार्वृत्ति रोकने के लिए हर संभव उपाय करने को कहा है। बीते तीन माह के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री का यह दूसरादौरा है। इससे पूर्व वह पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर घाटी के दौरे पर आए थे। उनका यह दौरा बाढ़ से उपजेज हालात के मद्देनजर है। वह रविवार की रात 09.35 बजे जम्मू पहुंचे थे और सोमवार की शाम 05.34 बजे दिल्ली रवाना हुए हैं। उनका यह दौरा पहले दौरे की अपेक्षा ज्यादा व्यस्त रहा है।उन्होंने आज तीन बैठकें की, दो विशुद्ध प्रशासनिक मुद्दों पर केंद्रित थी और तीसरी बैठक भाजपा के नेताओं के साथ थी। बैठकों से पहले उन्होंने जम्मू शहर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। वह चौथे तवी पुल का जायजा लेने भी गए, उन्होंने क्षतिग्रस्त शिवमंदिर को भी देखा।आरएसपुरा सेक्टर में मंगू चक्क में भी बाढ़ पीढ़ितों से मिले और उन्होंने वहां एक नहीं कई पीडितों से सीधी बात की और उन्हें मदद का यकीन दिलाया। इसके बाद उन्होंने राजभवन में बैठकों में हालात का जायजा लिया।उनके इस दौरे ने जम्मू कश्मीर में केंद्र सरकार के विरोधियों को भी चुप कराया है, जो कह रहे थे कि केंद्र सरकार को, भाजपा को चाहिए कि वह जम्मू के लिए कोई बड़ा राहत पैकेज घोषित करना चाहिए। यह मांग करने वालों में सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी से लेकर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी हैं। हालांकि केंद्रीय गृहमंत्री ने कोई पैकेज घोषित नहीं किया है,लेकिन जिस तरह से उन्होंने बाढ़ से उपजे हालात की बैठक में समीक्षा करते हुए निर्देश जाीर किए हैं,उससे स्पष्ट हो जाता है कि पैकेज मिलेगा और एक व्यावहारिक पैकेज मिलेगा। जिसका ऐलान आने वाले दिनों में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। पैकेज को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी आवश्वस्त हैं और उनहोंने बैठक के बाद इसकी उम्मीद नहीं यकीन दिलाया है।बाढ़ से हुई तबाही सिर्फ नागरिक बुनियादी ढांचे नहीं हुई है, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी भारत के सिक्योरिटी ग्रिड को भी नुक्सान हुआ है। इस नुक्सान का पाकिस्तान पूरा लाभ उठाने की फिराक में है और केंद्रीय गृहमंत्री का आगमन और सुरक्षा परिदृश्य पर बैठक बताती है, जम्मू कश्मीर के सीमांत इलाकों की सुरक्षा हो या आंतरिक सुरक्षा, केंद्र सरकार की आज भी पहली प्राथमिकता है।केंद्रीय गृहमंत्री ने बैठक में मौजूद सुरक्षा एजेंसियों के क्षतिग्रस्त सुरक्षा ढांचे की युद्धस्तर पर मरम्मत कर उसे पूरी तरह बअहाल करने और सीमांत इलाकों में किसी भी स्तर पर घुसपैठ की किसी भी आशंका को समाप्त करने के लिए हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आतंक के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति के अनुपालन पर जोर दिया है।जम्मू कश्मीर मामलों के जानकार सैयद अमजद शाह ने कहा कि अमित शाह के दौरे को अगर आप ध्यान से देखें तो यह प्रशासनिक- प्रतिरक्षा तक ही नहीं राजनीतिक भी है। उन्होंने अपने दौरे के दौरान जिस तरह से बाढ़ प्रभापितों से मुलाकात की है और बैठक में नुक्सान के सर्वे के बाद ही वित्तीय मदद का यकीन दिलाया है, उससे उन्होंने लोगों को यकीन दिलाया है कि केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है।

# त्योहारों पर मेकअप करते समय न करें ये 5 गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक

त्योहारों पर हर कोई खास दिखना चाहता है, लेकिन कई बार छोटी-छोटी गलतियों के कारण हमारा लुक बिगड़ जाता है, खासकर जब बात मेकअप की हो तो इन गलतियों का असर तुरंत नजर आता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे, जिनसे आपको हमेशा बचना चाहिए ताकि आपका त्योहारों पर बना लुक बेहतरीन और आकर्षक दिखे। इन गलतियों को न दोहराकर आप अपने त्योहारों को और भी खास बना सकते हैं।

गलत रंग का फाउंडेशन लगाना-फाउंडेशन चेहरे के रंग को समान करने में मदद करता है इसलिए इसका चयन सही होना चाहिए। कई बार महिलाएं अपने चेहरे से अलग रंग का फाउंडेशन लगा लेती हैं, जिससे उनका चेहरा अस्वस्थ नजर आता है। हमेशा अपने त्वचा के रंग के अनुसार फाउंडेशन चुनें और उसे अच्छी तरह से मिलाएं ताकि आपका चेहरा प्राकृतिक और स्वस्थ दिखे। इसके लिए



आप अपने हाथ पर थोड़ा सा फाउंडेशन लगाकर देख सकती हैं कि कौन सा रंग सही लगता है।

ज्यादा कंसीलर का उपयोग करना- कंसीलर आंखों के नीचे के काले घेरे और अन्य निशानों को छिपाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन अगर आप इसे ज्यादा मात्रा में लगाती हैं तो यह आपके चेहरे को अजीब सा दिखा सकता है। ज्यादा कंसीलर लगाने से आपकी आंखें भारी और अस्वस्थ नजर आती हैं। इसलिए हमेशा थोड़ी मात्रा में ही कंसीलर लगाएं और उसे अच्छी तरह से मिलाएं ताकि आपका चेहरा प्राकृतिक और सुंदर दिखे।

आंखों का मेकअप ज्यादा न करें-

आंखों का मेकअप करते समय संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। अगर आप बहुत ज्यादा आईलाइनर या मस्कारा लगाती हैं तो आपका लुक बहुत भारी और बनावटी लग सकता है। त्योहारों पर एक हल्का और सुंदर आंखों का मेकअप करें जिसमें हल्का आईलाइनर, मस्कारा और थोड़ा-सा आईशैडो लगे। इससे आपकी आंखें खूबसूरत दिखेंगी और आपका चेहरा भी निखरेगा। इसके लिए आप हल्के रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपके चेहरे को प्राकृतिक और आकर्षक बनाएगा। लिपस्टिक का चयन सही न होना-लिपस्टिक का रंग आपके पूरे लुक को प्रभावित करता है, इसलिए इसका चयन सोच-समझकर करें। त्योहारों पर गहरी लाल या गुलाबी लिपस्टिक बहुत अच्छी लगती है, लेकिन ध्यान रखें कि लिपस्टिक आपके चेहरे के रंग से मेल खाती हो। अगर आपकी त्वचा गोरी है तो गहरे रंग चुनें और अगर आपकी त्वचा गहरी है तो हल्के रंग जैसे हल्का गुलाबी या न्यूड चुनें। इसके अलावा लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को साफ करें और लिपबाम लगाएं।

मेकअप सेट करने के लिए पाउडर का उपयोग करना- मेकअप सेट करने के लिए पाउडर का उपयोग करना जरूरी है, लेकिन ज्यादा पाउडर लगाने से आपका चेहरा बेजान लग सकता है।

इसलिए सिर्फ उन हिस्सों पर हल्का-सा पाउडर लगाएं जहां ज्यादा तेल निकलता हो जैसे कि माथे, नाक और ठोड़ी पर। इन सुझावों को ध्यान में रखकर आप अपने त्योहारों को खास बना सकती हैं और हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं। सही मेकअप करने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगी।



## टूटते-झड़ते बालों का कारण, आपकी ये आदतें, जल्द कर लें सुधार

क्या आपको भी समय से पहले ही हेयर फॉल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है? अगर हां, तो जरूरी नहीं है कि तनाव की वजह से ही आपके बाल झड़ रहे हों। आपकी कुछ हैबिट्स भी हेयर फॉल के लिए जिम्मेदार साबित हो सकती हैं।

क्या आप हेयर वॉश के बाद गीले बालों में कंघी करने लगते हैं? अगर हां, तो आपको अपनी इस आदत को सुधार लेना चाहिए। हेयर फॉल की समस्या से बचने के लिए जब आपके बाल सूख जाएं, आपको तभी उन्हें कंघी की मदद से सुलझाना चाहिए। क्या आप बहुत ज्यादा टाइट हेयर स्टाइल बनाते हैं? कसी हुई पोनीटेल या फिर जूड़ा बनाने की वजह से बालों की जड़ों पर जोर पड़ता है और बाल कमजोर होने लगते हैं। अगर आप हेयर फॉल की समस्या को पैदा होने से रोकना चाहते हैं, तो आपको अपनी इस आदत को सुधार लेना चाहिए। जो लोग एक हफ्ते में दो से ज्यादा बार शैंपू करते हैं, उन्हें भी हेयर फॉल की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हेयर वॉश के लिए ज्यादा गर्म पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, वरना आपकी हेयर हेल्थ डैमेज हो सकती है। तकिए के गंदे कवर की वजह से भी हेयर फॉल की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप अपनी हेयर हेल्थ को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको एक हफ्ते में कम से कम एक बार तकिए के कवर को जरूर धोना चाहिए।



## तारा सुतारिया पर छाया उत्सव का खुमार, साड़ी में दिखीं तो वीर पहाड़िया ने पेश किया दिल

छोटे पर्दे से मनोरंजन जगत में कदम रखने वाली स्टार तारा सुतारिया ने शनिवार को कुछ तस्वीरें साझा कीं। इनमें से चार में वो अकेली हैं, तो पांचवीं में उनके साथ वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। ये दोनों के रिश्ते पर मुहर लगाती हैं, जिनकी चर्चा फिजाओं में महीनों से थी।

दरअसल, इन तस्वीरों में चार चांद वो शब्द लगा रहे हैं जो तारा ने लिखे हैं। उन्होंने बेहद सामान्य भाषा में लिखा है- भक्ति, विश्वास और उत्सव...गणपति बप्पा मोरया। तस्वीरों की पूरी शृंखला बेहद आकर्षक है। पहली चार में तो छोटी बिंदी और साड़ी पहने अभिनेत्री दिख रही हैं, लेकिन पांचवीं में उनके साथ खास दोस्त वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। वो भी ट्रेडिशनल वियर में हैं। तारा की यह पोस्ट प्रशंसकों को बहुत पसंद आ रही है। वे इसमें कई तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ये लड़की अपनी लुक्स से कभी निराश नहीं करती, तो दूसरे यूजर ने लिखा, सुंदरी, एक और यूजर ने लिखा, कोई भी आपसे ज्यादा सुंदर नहीं है। वीर भी खुद को कमेंट करने से रोक नहीं पाए और उन्होंने लाल दिल पेश कर दिया। इसके साथ ही इविल आई इमोजी भी पोस्ट किया, जिसका मतलब साफ है कि वो नहीं चाहते कि उनकी जोड़ी को किसी की बुरी नजर लगे। फैंस इस जोड़े की बलाएं लेते दिख रहे हैं। कुछ ने लिखा, पांचवीं तस्वीर में सब कुछ है। तो किसी ने लिखा, तारा और वीर। अभिनेत्री ने गायिका और टेलीविजन कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। वह साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो बिग बडा बूम में नजर आईं थी। स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 (2019) से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा, जिसके लिए फिल्मफेयर ने उन्हें बेस्ट डेब्युटेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। उन्होंने मरजावां, तड़प, हीरोपंती 2, और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्मों में अभिनय किया है और अपूर्वा (2023) में टाइटल रोल अदा किया।

# द बंगाल फाइल्स का नया पोस्टर जारी, अनुपम खेर समेत दिखी पुरी स्टॉरकास्ट की झलक

भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता और निर्देशक विवेक अग्निहोत्री फिल्म द बंगाल फाइल्स लेकर आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब इससे पहले द बंगाल फाइल्स का नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। सामने आए पोस्टर में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

द बंगाल फाइल्स की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। अग्निहोत्री ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एडवांस बुकिंग शुरू। हिंदू नरसंहार का सच अब और नहीं छिपाया जा सकता। द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक ऐसा अनुभव है जो आपकी रूह को झकझोर देगा। यह फिल्म पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ हुए नरसंहार को दिखाने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर द बंगाल फाइल्स का सामना टाइगर श्रॉफ की बागी 4 से होगा।

विवेक अग्निहोत्री की निर्देशित और सह-निर्मित इस फिल्म का शीर्षक पहले द दिल्ली फाइल्स- द बंगाल चैप्टर था, जिसे बदलकर द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ कर दिया गया. इस फिल्म को अभिषेक अग्रवाल, पल्लवी जोशी और विवेक रंजन अग्निहोत्री ने मिलकर बैंकरोल किया है. लंबे इंतजार के बाद उनकी यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. हालांकि इस फिल्म को लेकर बंगाल में जमकर विरोध हो रहा है. मेकर ने ट्रेलर को एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए लिखा था, डायरेक्ट एक्शन डे (16 अगस्त 1946) के पीड़ितों की स्मृति में, मैं आपके लिए हिंदू नरसंहार की अनकही कहानी पर बनी अब तक की सबसे साहसिक फिल्म द बंगाल फाइल्स का आधिकारिक ट्रेलर प्रस्तुत करता हूं. 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में. कृपया हमें आशीर्वाद दें. आजादी से पहले सांप्रदायिक हिंसा की सच्ची और अनकही कहानी पर आधारित, द बंगाल फाइल्स की कहानी अविभाजित बंगाल में 1946 के कलकत्ता दंगों के इर्द-गिर्द घूमती है. इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, नमोशी चक्रवर्ती (मिथुन चक्रवर्ती के बेटे), पल्लवी जोशी, गोविंद नामदेव और पुनीत इस्सर जैसे कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं.

विवेक अग्निहोत्री को भारतीय सिनेमा के सबसे साहसी और बेबाक फिल्म मेकर में से एक माना जाता है, वह अपने गहन शोध पर आधारित, बेबाक



और सच्चाई से भरी कहानियों को बखूबी तरीके से दर्शाते हैं. द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों के बाद, अब वह द बंगाल फाइल्स के साथ भारत के इतिहास का एक और दिल दहला देने वाला अध्याय पेश करने के लिए तैयार हैं.

## जॉली एलएलबी 3 का पहला गाना भाई वकील है जारी, डांस करते दिखे अक्षय कुमार-अरशद वारसी




बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म जॉली एलएलबी 3 में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसका दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अरशद वारसी भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब निर्माताओं ने जॉली एलएलबी 3 का पहला गाना भाई वकील है जारी कर दिया है। भाई वकील है गाने को अमन पंत और केडी देसीरॉक ने मिलकर गाया है। इस गाने में अक्षय और अरशद जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। जॉली एलएलबी 3 में सौरभ शुक्ला, अमृता राव, हुमा कुरैशी और अन्नू कपूर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सुभाष कपूर ने संभाली है। इसकी कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। यह फिल्म 19 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अमन पंत के म्यूज़िक, अमन पंत और केडी की आवाज़, और परधानङ्कअखिल तिवारी के लिखे बोल ङ्क ये गाना कोर्टरूम में भी डांस फ्लोर का तड़का लगा देता है। फिल्म में ह्यूमा कुरैशी, अमृता राव और गजराज राव भी जुड़ रहे हैं, और इस बार का जॉली एलएलबी 3 वादा कर रहा है सबसे मज़ेदार, सबसे धमाकेदार कोर्टरूम बैटल। स्टार स्टूडियो18 के प्रेज़ेंटेशन और आलोक जैनङ्कअजीत अंधारे के प्रोडक्शन में, सुभहाश कपूर की डायरेक्शन वाली ये फिल्म देगी ङ्क कॉमेडी, ड्रामा और तगड़ी सोशल कमेंट्री का पूरा कॉम्बो।

## द राजा साब की रिलीज डेट पोस्टपोन? अब विजय की जन नायकन समेत इन फिल्मों से होगा सीधा मुकाबला



साउथ सिनेमा के रिबेल स्टार प्रभास के फैंस को उनकी आगामी फिल्म द राजा साब की रिलीज के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा. मिराई के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के दौरान, प्रोड्यूसर टीजी विश्व प्रसाद ने बताया कि प्रभास की फिल्म द राजा साब में देरी होगी. मेकर्स इसके बड़े थिएटर डेब्यू के लिए नई तारीख पर विचार कर रहे हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की रिलीज एक बार फिर टाल दी गई है. बताया जा रहा है कि मेकर्स इसके बड़े थिएटर के लिए नई तारीख पर विचार-विमर्श कर रहे हैं. मिराय के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में प्रोड्यूसर ने तारीख में बदलाव का सुझाव देते हुए कहा था, हिंदी डिस्ट्रीब्यूटर 5 दिसंबर को रिलीज करने का अनुरोध कर रहे हैं, जबकि तेलुगु डिस्ट्रीब्यूटर संक्रांति पर इसे रिलीज करना पसंद कर रहे हैं. हम उस विकल्प पर फैसला करेंगे जो हमारे लिए सबसे अच्छा काम करता है.

एक तेलुगु मीडिया के मुताबित, मिराय के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में, फिल्म के प्रोड्यूसर टीजी विश्व प्रसाद ने पुष्टि की कि यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को विशेष संक्रांति रिलीज के रूप में सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यह संक्रांति दर्शकों के लिए और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि चिरंजीवी की मन शंकर वर प्रसाद गारु और अनागनगा ओका रोजु के साथ-साथ विजय की जन नायकन जैसी फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही हैं. हालांकि, अभी मेकर्स की ओर से अभी आधिकारिक तौर पर बयान आना बाकी है.

## शब्द सामर्थ्य -157

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## ट्रेंड कर रहा ओह मामा टेटेमा, नोरा फतेही ने फैंस का किया धन्यवाद

बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन और एक्ट्रेस नोरा फतेही एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नया म्यूजिक वीडियो ओह मामा टेटेमा रिलीज हुआ है, जो कुछ ही दिनों में सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। इस गाने में नोरा ने सिर्फ अपने डांस का ही जलवा नहीं दिखाया, बल्कि पहली बार उन्होंने गाने में अपनी आवाज भी दी है। उनके फैंस इस नए अंदाज को खूब पसंद कर रहे हैं। इसी बीच, नोरा ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए वीडियो में नोरा रेड क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। वीडियो में नोरा समुद्र किनारे सिजलिंग पोज देती दिखती हैं, और उनका ग्लैमर अंदाज साफ नजर आ रहा है। उनके एक्सप्रेशन को देख लोग उनके कायल हो रहे हैं। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, ओह मामा टेटेमा स्पॉटिफाई चार्ट पर आगे बढ़ रहा है। धन्यवाद मेरे प्यारे साथियों... स्ट्रीमिंग करते रहो और अपनी पावर दिखाओ! बता दें कि नोरा फतेही और तंजानियाई सिंगर रेवनी ने मिलकर ओह मामा टेटेमा गाना तैयार किया है। इस गाने में अफ्रीकी बीट्स और देसी म्यूजिक का बेहतरीन मेल है। गाने को बॉस्को लेस्ली मार्टिस ने डायरेक्ट और कोरियोग्राफ किया है। गाने में नोरा के एक्सप्रेशन, डांस स्टेप्स और परफॉर्मेंस ने सबको हैरान कर दिया है। खास बात यह है कि इस गाने को मशहूर सिंगर श्रेया घोषाल और नोरा ने मिलकर गाया है। गाना 10 अगस्त को यूट्यूब पर रिलीज हुआ और कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज बटोर लिए।



# नगर पालिका शिवपुर चरचा में भ्रष्टाचार के बढ़ते मामले पर गहराता विवाद, नागरिकों ने की जांच की मांग

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के शिवपुर चरचा नगर पालिका में भ्रष्टाचार का मामला दिनों-दिन गहराता जा रहा है। कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण जायसवाल पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि नगर पालिका में खरीदी जाने वाली सामग्रियों में भारी अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे न केवल जनता का धन बर्बाद हो रहा है बल्कि प्रशासन की छवि भी धूमिल हो रही है।

हाल ही में नगर पालिका द्वारा खरीदी गई ब्लिचिंग पाउडर की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जो ब्लिचिंग पाउडर खरीदी गई है, उसमें न तो गुणवत्ता है और न ही किसी प्रकार की सुगंध मौजूद है। आमतौर पर बाजार में उपलब्ध ब्लिचिंग पाउडर की तुलना में यह घटिया और अनुपयोगी साबित हो रही है। जनता का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा खरीदी गई यह सामग्री सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। लोगों का कहना है कि इस खरीद में पारदर्शिता नहीं रखी गई, जिसके चलते लाखों रुपये का जनधन बर्बाद हो गया।एक ओर नगर में सफाई के लिए स्भ्वष्टरु का चुना लाया जाता है, वहीं नगर पालिका की ओर से खरीदी गई ब्लिचिंग पाउडर का उपयोग किया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि दोनों ही सामग्रियों में कोई भी गुणवत्ता नहीं है। इससे स्पष्ट है कि चाहे स्भ्वष्टरु का चुना हो या नगर पालिका की ब्लिचिंग - दोनों ही केवल औपचारिकता निभाने का साधन बन गए हैं, न कि सफाई व्यवस्था सुधारने का।

जनता खुलकर सामने आ रही है और कह रही है कि यह सीधे-सीधे जनधन की बर्बादी और भ्रष्टाचार का मामला है। नगर के नागरिकों का आरोप है कि इस तरह की घटिया खरीद से न केवल सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।नागरिकों का कहना है कि जब नगर पालिका की जिम्मेदारी है कि शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए, तब वह इस प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार में लिप्त कैसे हो सकती है।




इससे नगर पालिका की नीयत पर भी सवाल उठ रहे हैं।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ब्लिचिंग पाउडर की खरीद की गहन जांच कराई जाए। दोषियों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि जब तक भ्रष्ट अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक जनता का विश्वास बहाल नहीं होगा। शिवपुर चरचा के नागरिकों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा सत्तारूढ़ दल को भुगतना पड़ेगा। जनता का गुस्सा इस हद तक है कि लोग खुले तौर पर प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी पर सवाल उठा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जनता के पैसों से खरीदी गई सामग्री कब तक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी? लोग कह रहे हैं कि नगर पालिका में चल रहे इस खेल से केवल प्रशासन पर ही नहीं, बल्कि भाजपा की छवि पर भी आंच आ रही है। भ्रष्टाचार की यह लहर जनता में गहरी नाराजगी पैदा कर रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले चुनाव में भाजपा को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। नगर पालिका शिवपुर चरचा में हो रहे इस भ्रष्टाचार का सीधा असर भाजपा की छवि पर पड़ रहा है। क्योंकि नगर पालिका की बागडोर भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों के हाथों में है, इसलिए जनता सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार मान रही है। लोगों का कहना है कि भाजपा की सरकार जब भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा करती है, तब नगर पालिका स्तर पर इस तरह का भ्रष्टाचार उसकी छवि को धूमिल करता है। यदि भाजपा अपनी छवि बचाना चाहती है तो उसे तुरंत दोषियों पर कार्रवाई करनी होगी। इस पूरे मामले को लेकर विपक्षी दलों ने भी भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्ष का कहना है कि जब जनता का धन ही सुरक्षित नहीं है तो भाजपा किस प्रकार सुशासन का दावा कर सकती है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि शिवपुर चरचा में भ्रष्टाचार का यह मामला भाजपा सरकार की नाकामी को दर्शाता है। जनता का कहना है कि यदि दोषियों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। लोग साफ तौर पर कह रहे हैं कि वे अपने पैसों की बर्बादी और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## पहाड़ी कोरवा जनजाति ग्रामीण की मौत का मामला, ग्रामीणों आरोप तनाव में हुई मृत्यु, किया चक्का जाम

**बलरामपुर।** रामानुजगंज रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम रेवतीपुर में कोरवा जनजाति के ग्रामीण की मृत्यु रविवार के शाम घर में हो गई थी स्वजनों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के द्वारा घर खाली करने के लिए हस्ताक्षर कराया गया था जिसके तनाव में आकर उसकी मृत्यु हो गई। स्वजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा आज चक्का जाम रामचंद्रपुर सनवाल मुख्य मार्ग पर कर दिया गया था सूचना पर मौके पर रामचंद्रपुर पुलिस एसडीओपी बाजीलाल सिंह मौके पर पहुंची जिनके द्वारा उचित कार्रवाई का भरोसा दिया जिसके बाद ही चक्का जाम टूट सका। चक्का जाम टूटने के बाद 100 को पोस्टमार्टम के लिए 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज भेजा गया।

स्वजनों एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 5 दिनों से लगातार वन विभाग की टीम गांव में आ रही थी एवं घरों के जप्ती नामा पर हस्ताक्षर कराकर फोटो खींचकर घर गिराए जाने की बात कही जा रही थी। जिससे रेवतीपुर के वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाला बिफ्न कोरवा पिता रामधनी ।



## गेलहापानी क्षेत्र में बिजली कनेक्शन काटे जाने से लोगों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

**चिरमिरी।** एस ई सी एल द्वारा वार्ड क्र 8 की बिजली काट दी ,दो दिनो से अंधेरे में रात बिताने वाले रहवासी मज़बूर होकर ,सड़कों पर उतरे मोहल्लेवासी। चिरमिरी के कोरिया कालरी में विद्युत व्यवस्था पुरी तरह से एस ई सी एल पर निर्भर है लेकिन एस ई सी एल द्वारा कोरिया के एक हिस्से की बिजली काटी गई ,रहवासियों के पास दुसरा विकल्प न होने के कारण परेसानी बढ़ गई है घटना की ख़बर से समुचे कोरिया कालरी में दहशत का माहौल बना हुआ है । लोग अटकले लगा रहे कि यदि एस ई सी एल समूचे क्षेत्र की बिजली काट देगा तो क्या होगा। घटना की ख़बर मिलते ही शहर के प्रथम नागरिक महापौर राम नरेश राय क्षेत्र में पहुंचे और लोगो की परेशानी सुनी लेकिन तत्काल राहत देने में वो असहाय दिखे ,फिर भी उन्होंने आस्वाशन दिया कि जल्दी ही छग राज्य विद्युत मंडल की बिजली व्यवस्था की जायेगी,एस ई सी एल के जानकार बातते है कि पहले कंपनी का बैंकर रहने के कारण इस मोहल्ले को बिजली सप्लाई दी गई थी लेकिन बैंकर कट जाने के कारण रेलवे के रास्ते पार कर बिना अनुमति बिजली नही दी जा सकती इस वजह से कार्यवाह की गई। घटना को ले कर जनाक्रोश भड़क गया है लोग आपने घरो से निकल कर सड़को पर प्रदर्शन करने लग रहे बिजली दो बिजली के नारे से सड़को को जाम कर लोग बैठें है।

## बहादुर कलारिन सम्मान व वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने वाली तथा उनके उत्थान, वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सषक्त करने व राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रतिवर्ष बहादुर कलारिन सम्मान तथा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार दिया जाता है। इस सम्मान व पुरस्कार हेतु दो-दो लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति प्रदान की जाती है। वर्ष 2025 के लिए विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित की गई है।

# आदि कर्मयोगी अभियान-ब्लॉक स्तर मास्टर ट्रेनिंग का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के लाईवलीहुड कॉलेज बैकुंठपुर में, आदि कर्मयोगी अभियान के जिला प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार की मौजूदगी में, ब्लॉक स्तर मास्टर ट्रेनर का तीन दिवसीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम आयोजित किया गया। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, श्रीमती ऊषा लकड़ा ने बताया कि यह प्रशिक्षण 3 सितंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के 15 कर्मचारी और 2 एनजीओ को ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के 154 ग्रामों का चयन किया गया है, जहां बुनियादी सुविधाओं और सरकार की 25 योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिला स्तर व ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ततपश्चात इसके बाद, ग्रामीण स्वयंसेवकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में 'आदि सेवा केंद्र' स्थापित किए जाएंगे, जिला प्रभारी अधिकारी प्रमोद कुमार ने मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन जनजाति परिवारों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि, आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य प्रशासन को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाना है। यह कार्यक्रम शासन का मूल आधार जनता की सेवा को स्थापित करता है। जनता का विश्वास बनाए रखना और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही कर्मयोग है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, जिला एवं ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पदक प्राप्त ट्रैफिक मैन डॉ. महेश मिश्रा को मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर सेना विभाग के संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय सोमवार को नगरसेना कार्यालय तलवापारा बैकुंठपुर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथों स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति का गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा पदक प्राप्त कर तन समर्पित, मन समर्पित यह जीवन समाज सेवा के नाम समर्पित वाक्य को चरितार्थ करने वाले ट्रैफिक मैन के नाम से मशहूर नायक डॉक्टर महेश मिश्रा को भव्य सम्मान समारोह आयोजित करते हुए नायक से हवलदार के पद पर पदोन्नति आदेश प्रदान करते हुए श्री मिश्रा को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि हम सबको इन पर गर्व है,निश्चित रूप से ऐसे कर्मचारी जब आपके पास हो तो इससे विभाग का नाम रौशन के साथ ही आम जनमानस में सकारात्मक प्रभाव होता है।

गौरतलब है कि डॉ. मिश्रा विगत दो दशकों से निरंतर जन जागरूकता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सैकड़ो जान बचाने का पुनीत कार्य कर रहे हैं जिसके फल स्वरूप उन्हें राष्ट्रपति पदक प्राप्त हुआ है, जिससे आज पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं कोरिया जिला अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है एवं राष्ट्रपति पदक प्राप्त करने पर क्षेत्र के विधायक भईया लाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव के साथ ही जनप्रतिनिधि, मीडिया के पदाधिकारी व प्रतिनिधि प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी /कर्मचारी, गणमान्य जन के साथ ही इष्ट मित्र उनके निवास स्थान पर पहुंचकर निरंतर बधाई, शुभकामना एवं सम्मान भेंट कर रहे हैं। इतने व्यापक पैमाने पर लोगों का घर पहुंच कर सम्मान भेंट करना यह दिखाता है कि महेश ने किस कदर लोगों के दिलों पर अपनी जगह बनाई है। अब तो पूरे जिले में एक ही चर्चा है क्या अमीर, क्या गरीब महेश भाई सबके करीब।

## गणेश पंडालो में जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर दर्शन पूजन किया,चतुर्दशी को होगा विसर्जन



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के गणेश पूजा के पावन के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत केनापारा में श्री श्री गणेश पूजा समिति के गणेश पूजा पंडाल,एवं श्री गणेश पूजा समिति संगम चौक मझगवा में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने पंडालो में जाकर गणेश भगवान का दर्शन किए,और क्षेत्र के खुशहाली के लिए कामना किए,केनापारा में आयोजित ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रतिभागी को नगद पुरस्कार दिए,इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण,और जनता जनार्दन हजारों की संख्या में उपस्थित होकर ग्रुप डांस प्रतियोगिता अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर पूजा समितियां का हौसला बढ़ाएं। निश्चित तौर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर सहयोग करते हैं जिससे क्षेत्र के लोगों के बीच में लोकप्रिय है।

## मिनीमाता सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित 25 तक

**कोरिया।** महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़ द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला एवं अशासकीय संस्था को 2 लाख रूपये की राशि एवं प्रशस्ति पटिट्का सम्मान के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

## ई-समंस जारी होने के बाद सही जगह पहुंचाने के काम में दिखाए गंभीरता

**सूरजपुर।** फरियादी, पीड़ित व्यक्ति को सुलभ न्याय शीघ्रता से मिले इसके लिए अब माननीय न्यायालयों के द्वारा ई-समंस जारी किए जा रहे है, ई-साक्ष्य पोर्टल पर समंस जारी होने के फौरन बाद उसकी तामीली कैसे की जानी है, तामीली उपरान्त माननीय न्यायालय को तामीली से किस प्रकार अवगत कराना है उसे लेकर जिला पुलिस कार्यालय में शनिवार, 30 अगस्त 2025 को डीआईजी व एसएसएपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में न्यायालय के कोर्ट मोहरिरों, थाना-चौकी में समंस वारंट के कार्य करने वाले जवानों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि न्यायालयीन प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़े इसके लिए गवाहों का माननीय न्यायालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। ई-साक्ष्य पोर्टल पर गवाहों को जारी ई-समंस की तामीली प्राथमिकता से समय पर की जाए। ई-समंस प्राप्ति एवं तामीली उपरान्त भेजने का रिकार्ड सुरक्षित रखी जाए।

## 1 से 8 तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित समाज में सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्र प्रायोजित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। इस योजना के पांच घटक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल, सतत शिक्षा है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जनमानस का ध्यान करने व सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 01 से 08 सितम्बर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

## ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 46 चालकों के लाइसेंस निलंबित

**सूरजपुर।** परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक्र नियमों के उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा वर्ष 2025 में अब तक कुल 78 प्रकरणों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की अनुशंसा जिला परिवहन कार्यालय को प्राप्त हुई है। शराब पीकर वाहन चलाना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना, सिग्नल जंप करना सहित मोटरयान अधिनियम की अन्य धाराओं का उल्लंघन शामिल है। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 46 लाइसेंस धारकों के ड्राइविंग लाइसेंस को तीन-तीन माह के लिए निलंबित किया गया है। 08 प्रकरणों को संबंधित परिवहन कार्यालयों में अग्रेषित कर दिया गया है। शेष 24 प्रकरणों में चालकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित वाहन चालक निर्धारित तिथि तक संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की अंतिम कार्रवाई की जाएगी।

# गोठानों में शुरू हुआ महुआ बचाओ अभियान

**मनेंद्रगढ़।** वनमंडल के डीएफ्ओ मनीष कश्यप ने विशेष पहल की है। ख़ाली पड़े गोठानों में महुआ बचाओ अभियान के तहत महुआ पौधे लगा के इसको हरा-भरा किया जा रहा है।गोठानों में फेंसिंग पहले से थी, जो चोरी हो रहा था।वन विभाग ने फेंसिंग मरम्मत करके इसमें महुआ के पौधे लगा दिए जिससे ये क्षेत्र अतिक्रमण से बच गया और ग्रामीणों का भविष्य में महुआ से आय भी सुनिश्चित हो गई है ।अब तक मनेंद्रगढ़ वनमंडल के 98 गोठान में लगभग 60 हज़ार महुआ के पौधे रोपे जा चुके है।इसके लिए हर ग्राम पंचायत से ह्लह्ष्ट लिया गया और प्रत्येक गोठान में स्थानीय जनप्रतिनिधि ने पौधे लगा के इस अभियान की शुरुवात की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पाँच वर्ष के कार्यकाल में गोबर और गोठान पे विशेष फोकस रखा।बावजूद इसके आज सभी गोठान ख़ाली और बंजर पड़े है।हर गाँव में गोठान बनाया गया।छत्तीसगढ़ में लगभग 8 हज़ार गोठान बनाये गए जिसमे औसतन हर गोठान में 50 लाख तक खर्च किया गया। गाँव के मूलभूत जरूरत को पूरा ना करके गोठान बनाया गया जिसका कोई फायदा ही नहीं हुआ।ग्रामीण इलाकों में इसका पिछली सरकार का बहुत नकारात्मक छवि बनी।गोठानों में अब अतिक्रमण हो रहा है और असामाजिक तत्वों का ये अड्डा बनते जा रहा है। महुआ पेड़ो की घटती संख्या चिंता का विषय है।सबसे बड़ी समस्या इनकी पुनरुत्पादन की है।जंगल में तो महुआ पर्याप्त है, पर आदिवासियो के द्वारा अधिक्तर महुआ का संग्रहण गाँव के ख़ाली पड़े ज़मीन और खेत के मेड़ो पे लगे महुआ से होती है।अगर आप बस्तर और सरगुज़ा के किसी गाँव में जाये तो उनके खेतों के पार और ख़ाली ज़मीन में सिर्फ़बड़े महुआ के पेड़ ही बचे दिखते है।छोटे और मध्यम आयु के पेड़ लगभग नगण्य होती हैं। ग्रामीणों के द्वारा महुआ संग्रहण से पहले ज़मीन साफ़ करने हेतु आग लगाई जाती है, उसी के कारण एक भी महुआ के पौधे ज़िंदा नहीं रहते।ग्रामीण महुआ के सभी बीज को भी संग्रहण कर लेते है, ये भी एक कारण है महुआ के ख़त्म होने का।आखिरि बड़े महुआ पेड़ कब तक जीवित रह पायेंगे। छत्तीसगढ़ के महुआ पेड़ बूढ़े हो रहे है।महुआ पेड़ की औसत आयु 60 वर्ष है ।अगर जंगल के बाहर इनके पुनरुत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये जल्द ही ख़त्म हो जाएँगे।एक महुआ के पेड़ से एक आदिवासी परिवार औसतन 2 क्विंटल फूल और 50 किलो बीज प्राप्त कर लेता है जिसकी क़ीमत लगभग 10 हज़ार होती है।

भारत सरकार (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग) ने भी सभी राज्यो के वन विभाग को पत्र लिखा है की वृक्षारोपण में महुआ के पौधे ज़्यादा से ज़्यादा लगाये जाए। मनेंद्रगढ़ में महुआ बचाओ अभियान की शुरुवात पिछले वर्ष ही हो गई थी। ग्रामीणों को 30 हज़ार ट्री गार्ड देके महुआ पौधे लगवाये गए थे। इसका ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह था ।इसको देखते हुए इस वर्ष अब तक 1.12 लाख पौधे लगाए जा चुके है।जिसमे ग्रामीणो के यहाँ 30 हज़ार पौधे ट्रीगार्ड में, 22 हज़ार पौधे बाड़ी में, और 60 हज़ार पौधे गोठानों में लगाया गया है।ग्रामीण इससे बहुत खुश है। इस महुआ बचाओ अभियान के लिए पिछले वर्ष 2015 बैच के आईएफएस मनीष कश्यप को दिल्ली में नेक्सस ऑफ़ गुडफाउंडेशन के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचल के लिए महुआ का पेड़ विशेष महत्व रखता है। महुआ के मौसम में गाँव की गलियाँ खाली होती है। सभी परिवार के सदस्य व्यस्त रहते हैं।महुआ का पेड़ प्रकृति का दिया हुआ बहुमूल्य पेड़ है। भारत में कुछ समाज इसे कल्पवृक्ष भी मानते है। यह पेड़ आदिवासियों के लिए आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक रूप से महत्व रखता है।महुआ का पेड़ भारत के उत्तर,दक्षिण और मध्य के 13 राज्यो में पाया जाता है।महुआ का फूल, फल, बीज, छाल और पत्ती सभी का उपयोग है।आदिवासियो के आय का यह एक प्रमुख श्रोत है।

## कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा, सुरक्षा के लिए बनाई गई विशेष रणनीति

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमावर्ती थानों के बीच इंटेलिजेंस और सूचनाओं के आदान प्रदान, सूचना तंत्र को मजबूत कर लॉ एंड ऑर्डर को पुख्ता बनाने, अवैध वस्तुओं की तस्करी को रोकने, किसी अपराध के बाद बार्डर इलाके में ठोस नाकाबंदी, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आदतन अपराधियों की जानकारी साझा करने एवं अपराधी तक पहुंचने बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य को लेकर शनिवार, 30 अगस्त 2025 को मध्यप्रदेश के सिंगरौली में डीआईजी रीवां श्री राजेश सिंह चंदेल की अध्यक्षता में इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग हुई जिसमें डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामील हुए। बैठक में डीआईजी रीवां श्री राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की पुलिस आपसी तालमेल के साथ लगातार कार्य कर रही है जिसे और पुख्ता करने की रणनीति पर जोर दिया जायेगा, इंटर स्टेट बॉर्डर पर तैनात पुलिस टीम के साथ कड़ी सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई पर चर्चा की। वारंटियों और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए आपसी सहयोग, नशीले पदार्थों के परिवहन और संदिग्ध वस्तुओं की आवाजाही पर नजर रखकर सूचनाओं का आदान-प्रदान और कार्रवाई करने एवं इसके लिए बने वाटसएप ग्रुप को और सक्रिय बनाने को लेकर चर्चा किया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर लॉ एंड ऑर्डर को पुख्ता करने के साथ ही त्वरित सूचना आदान-प्रदान कर अपराधियों को धरदबोचा जायेगा, आपराधिक गतिविधियों, अवैध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने रणनीति के तहत समन्वय के साथ एक्शन ली जायेगी। अपराध घटित कर आरोपी राज्य की सीमा से बाहर न निकले इस पर जोर दिया जायेगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। दोनों राज्यों की पुलिस अधिकारियों की इंटर स्टेट बार्डर मीटिंग में सीमावर्ती गांवों में रह रहे असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना, बार्डर स्थित ग्रामों में अवैध शराब, अवैध हथियार और अन्य गतिविधियों में लिप्त बदमाशों पर निगरानी रखना और उन पर कार्रवाई करना। सीमावर्ती चेक पोस्टों पर लगातार वाहनों की चेकिंग सघनता से करना। असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखकर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करना।

## जगह जगह विराजे गणपति, उत्साह पूर्वक की जा रही पूजा अर्चना

**रामानुजगंज।** नगर में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है यहां एक से बढ़कर एक गणेश पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं चांदनी चौक के समीप नैतिक विकास संघ के द्वारा केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनवाया गया है वहीं श्री विनायक गणेश उत्सव समिति वार्ड क्रमांक 8 के द्वारा बोहला का महाराज पंडाल पूरे नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है इसके अलावा भी नगर के सभी वार्डों में गणेश पंडाल की भव्यता देखते बन रही है। नगर में छोटे बड़े पंडाल सहित करीब 400 स्थान पर गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है। विदित हो कि कुछ वर्षों से नगर में लगातार गणेश पूजा की भव्यता बढ़ते जा रही है यहां भी महाराष्ट्र के तर्ज पर यहा भी गणेश उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाने लगा है। नगर के मध्य बाजार से लेकर किनारे के वार्डों में भी गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है नगर के सभी गणेश पंडालों में प्रतिदिन भंडारे का विशाल आयोजन हो ही रहा है वही प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं। गणेश भगवान की मूर्ति के विसर्जन का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है।

# संजयनगर अंडरपास का काम शुरू होने के साथ ध्वस्त होंगे विवादित निर्माण

## टेंडर अंतिम प्रक्रिया में, दीपावली के बाद निर्माण

**कोरबा।** लगभग 31 करोड रुपए की लागत से कोरबा में पहली रेल अंडरपास संजय नगर क्षेत्र में तैयार होगा। जिला प्रशासन और रेलवे संपूर्ण लागत का आधार हिस्सा वहन करेगा। दीपावली के बाद निर्माण शुरू होने की बात कही जा रही है और इसी के साथ अंडरपास के आसपास विवादित सभी निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

खबर के अनुसार 5 से ज्यादा मामले विवादित प्रकृति के हैं। रेलवे की जमीन पर इनका निर्माण होना बताया जा रहा है। संजय नगर अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव तैयार होने और आगे की प्रक्रियाओं को बढ़ाने के दौरान कुछ लोगों ने आपत्ति लगाई थी। इनमें से अधिकांश का निराकरण हो चुका है जबकि पांच मामले लंबित है। छत्तीसगढ़ सेतु निगम के अधिकारी ने बताया कि मौके पर मौजूद



परिसंपत्तियों के प्रकरणों में मुआवजा का वितरण संबंधित लोगों को दिया जा चुका है। 3 करोड़ की राशि मुआवजा के रूप में वितरित की गई है। इसी के साथ अंडरपास निर्माण क्षेत्र में मौजूद ऐसी 85 से ज्यादा परिसंपत्तियों को ध्वस्त करने का काम बहुत पहले पूरा कर लिया गया। बताया गया कि जिन प्रकरणों में विवाद की स्थिति बनी हुई है, उन्हें अंडरपास निर्माण का काम शुरू होने के साथ अंतिम रूप से ध्वस्त कर दिया जाएगा। इस तरह का भरोसा प्रशासन के द्वारा निर्माण एजेंसी को दिया गया है।

पावर हाउस रोड कैनाल पुल से संजय नगर होकर रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग का उपयोग प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग करते हैं। यहां से होकर गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर क्रॉसिंग स्थित है और दिन भर में 20 से अधिक बार यह बंद होती है। ऐसी स्थिति में जाम की समस्या से लोगों का सामना होता है। पिछले कई वर्षों से समस्या को हल करने के लिए ओवर ब्रिज या अंडरपास निर्माण की मांग की जा रही थी। तकनीकी परीक्षण के बाद यह महसूस किया गया कि मौके पर रेल अंडरपास बनाया जाना व्यावहारिक और आसान होगा। इस बारे में स्थल परीक्षण और आसपास की स्थिति का जायजा लेने के बाद अंडरपास बनना मंजूर किया गया। प्रशासन के प्रभावी हस्तक्षेप और पहल से रेलवे ने इस काम में अपनी 50% भागीदारी करना सुनिश्चित किया है। लोक प्रतीक्षा कर रहे हैं की कितनी जल्द सेतु निगम के द्वारा लगाया गया टेंडर फाइनल हो और फिर अक्टूबर में दीपावली पर संपन्न होने के बाद कोरबा के पहले रेल अंडरपास का निर्माण कार्य गति को प्राप्त करें

## सीएसईबी चौक पर मंत्री का पोस्टर फाड़ा, हुई धुनाई

**कोरबा।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के पोस्टरों को एक युवक ने सरे राह फाड़ दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ा और फिर पीट दिया। इसके बाद युवक एक धार्मिक परिसर में पहुंच गया जहां उसकी पिटाई करने वाले युवक की भी वहां उपस्थित लोगों ने पिटाई कर दी। विवाद बढ़ गया और देर रात तक हंगामा होता रहा बड़ी मुश्किल से पुलिस अधिकारियों ने इस मामले को शांत किया। जानकारी मिली कि युवक ने पिछली रात इसी पोस्टर को डंडे से निकाल कर फाड़ दिया। इस मामले में युवक का तर्क अजीब प्रकार का था। माना जा रहा है कि फ्रस्टेशन के चक्कर में उसने यह सब किया।

## सैकड़ों साधक जाएंगे लोरमी

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा लोरमी में साधना शिविर का आयोजन किया गया है। 6 सितंबर को होने वाले इस साधना शिविर में गुरुदेव कैलाशचंद्र श्रीमाली के द्वारा विशेष दीक्षा व गुरु दीक्षा प्रदान की जाएगी। कोरबा जिले से भी साधक शिविर में शामिल होंगे। अगले महीने अक्टूबर माह में गुरुदेव कैलाशचंद्र श्रीमाली कोरबा में आयोजित साधना शिविर में शामिल होंगे। जिसकी तैयारी राजू महंत, घनश्याम साहू सहित अन्य साधकों के द्वारा शुरू कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए घनश्याम बरेठ ने बतााया कि साधना शिविर को लेकर बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी।

## अजा मोर्चा की बैठक आज

**कोरबा।** भाजपा अजा मोर्चा के नए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के द्वारा रायपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष सरजू अजय, सुनीता पाटले, राजेश लहरे, डॉ. जय लहरे के अलावा अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस बैठक में आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पिछले दिनों भाजपा के नए पदाधिकारियों के द्वारा पदभार ग्रहण रायपुर में किया गया था। जिसमें अजा मोर्चा के सुशील गर्ग, कमलेश अनंत, दीक्षित देवांगन, सुभाष राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए थे। पाली में भी रेशम मेला आयोजित किया गया था। जिसमें कटघोरा के संजय शर्मा, अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, डेक्रांत देवांगन, चुलेश्वर राठौर, हरीश थरवानी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**कोरबा।** कांग्रेस की रायपुर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें मंडल गठन व सेक्टर समिति में बनाई जा रही सूची को लेकर चर्चा की जाएगी। कोरबा जिलाध्यक्ष मनोज चौहान व नाथू यादव भी इस बैठक में शामिल होंगे। संगठन को मजबूत करने के लिए मंडल गठन करने के बाद सेक्टर में कार्यसमिति बनाई जा रही है। कार्यसमिति में सक्रिय लोगों को शामिल करना है। संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक अध्यक्षों को यह जिम्मेदारी मिली हुई है। इसके अलावा रायपुर में प्रदेश कार्यसमिति के हरीश परसाई, रजनीश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

## लालपुर में फसल देख बौराया हाथी, की क्षति

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के एतमानगर व केंदई रेंज में 26-26 की संख्या में घूम रहे हाथियों के दल ने बीती रात जहां केंदई रेंज के लालपुर गांव में 8 ग्रामीणों के धान की फसल को रौंद दिया, वहीं तीरथ प्रसाद नामक ग्रामीण के आंगन के अहाते को ढहाकर घर में घुसने का प्रयास किया लेकिन ऐनवक्त पर वन विभाग को पता चल जाने पर उसके अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। जिस पर हाथियों ने जंगल का रूख कर लिया।

लालपुर क्षेत्र में हाथियों द्वारा लगातार तीन दिनों से उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। उत्पात के दौरान हाथियों द्वारा खेतों में लगे धान की फसल को रौंदा जा रहा है। उधर एतमानगर रेंज के बंजारी में 15 तथा 11 हाथी पचरा में सक्रिय हैं। हाथियों के इन दोनों झुंडों ने भी खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाया है जिससे बंजारी में चार ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं पचरा में दो ग्रामीणों की फसल तहस-नहस हो गई है। उन्हें भी काफी आर्थिक क्षति पहुंची है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा आज सुबह इसकी सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा। अधिकारियों द्वारा पीड़ित ग्रामीणों को क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। वन विभाग द्वारा हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र में लगातार मुनादी कराई जा

## बीएसएनल कंट्रोल रूम में लगी आग

**कोरबा।** बीएसएनएल कोरबा के सीएसईबी कॉलोनी स्थित लोकल कंट्रोल रूम में आग लग गई। ऑफिस में कोई व्यक्ति नहीं था आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दिया। नगर सैनिक दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू किया। बताया गया कि अगर कुछ देर होती तो संचार कंपनी को काफी नुकसान हो सकता था। हालांकि इस घटना से भी कंपनी के कई सामान खराब हुए हैं।

## शराब भट्ठी के आसपास बाइकर्स से परेशानी

**कोरबा।** के दर्री स्थित शराब दुकान के समीप बाइकर्स ग्रुप लोगों को लूट रहा है। दो लोगों को इस ग्रुप ने अपना शिकार बनाते हुए उनका मोबाइल और नकदी लूट लिया। यह लुटेरा बाइकर्स ग्रुप इतना निडर है कि वह खुलेआम यह दुस्साहस कर रहा है। कटघोरा और दर्री के दो लोगों ने पुलिस से लुटेरों की शिकायत की है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस गतिविधियों पर ध्यान देकर रोकथाम करे।

## प्रकृति के नजदीक आ रहे लोग, पहचान हुई व्यापक



**कोरबा।** हरी भरी वसुंधरा पर नीला नीला यह गगन... यह कौन चित्रकार है। हिंदी फिल्म का यह गीत वर्षों बाद भी लोगों की जुबान पर है और यह साबित करता है कि लोग अपनी प्रकृति के कितने नजदीक हैं। कोरबा जिले में कोयला खदानों, बिजली घरों, अल्युमिनियम प्लांट्स ही नहीं है बल्कि प्रकृति ने इसे बेहतर तरीके से सजाया है सवारा है।

प्राकृतिक से जुड़ी यही चीज कोरबा को एक अलग पहचान देती है। देव पहरी, परसाखोला, खेतार , नकिया कहीं ऐसे नेचुरल पॉइंट है जो लोगों को बर्बाद अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। इनमें से कुछ स्थान ऐसे हैं जो है तो काफी समय से लेकिन इन्हें उभरने और जनता के बीच लाने के लिए यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अपने कार्यक्रमों के जरिए मेहनत की। राइट एंड ट्रैकिंग रिवर राफ्टिंग और पर्यावरण से संबंधित गतिविधियां संगठन के द्वारा सतत चलाई जा रही है। लोगों का कनेक्शन इसके माध्यम से अपने आसपास की चीजों से न केवल हो रहा है बल्कि अलग-अलग प्लेटफार्म पर इन्हें प्रचारित करने से ऐसे स्थानों को व्यापक पहचान प्राप्त हो रही है

## द्विवेदी कोरबा में काम संभालेंगे, गेवरा में इंतजार

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के जीएम एलआर सूर्यवंशी का स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर जीके द्विवेदी का स्थानांतरण कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला में हुआ है। आज वे पदभार ग्रहण करेंगे। यहां के यूनियन प्रतिनिधि नए जीएम का इंतजार कर रहे हैं। संडे ड्यूटी का बजट आया हुआ है लेकिन अभी तक संडे ड्यूटी के लिए कोई योजना नहीं बन सकी है। तीन महीने से केंद्रीय कर्मशाला में संडे ड्यूटी बंद है। यहां के यूनियन प्रतिनिधि दिलीप सिंह, राजेश पांडेय, भागवत साहू, संतोष टंडन, राजेंद्र यादव के दबाव के बाद बजट भेजा गया है। इसी तरह केंद्रीय कर्मशाला गेवरा में भी नए जीएम श्री शर्मा का इंतजार किया जा रहा है। पूर्व जीएम डीके साहू जीएम के चार्ज में थे। यहां भी यूनियन प्रतिनिधि नए जीएम के आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि कई मुद्दों पर चर्चा किया जा सके। केंटीन खोलने सहित पदोन्नति के मामले लंबित हैं। यूनियन प्रतिनिधि विकास शुक्ला, एलपी चंद्रा, मुकुल कर्ष को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में कई समस्याओं का हल निकलेगा।

## अजगर ने निगली दो मुर्गियां

**कोरबा।** कोरबा जिले के पोड़ीबाहर में रहने वाले अली का पूरा परिवार रात्रि के 9.30 बजे के आसपास उस वक्त दहशत में आ गया जब वे पाले हुए मुर्गीयों को दाना देने गए और एक मुर्गी मरी हुई मिली जबकि दो मुर्गी गिनती में कम मिले। वहीं एक किनारे में एक विशालकाय अजगर को कुंडली मार कर बैठे हुए देखा तो इस बात को समझते देर नहीं लगी कि अजगर ने ही दो मुर्गियों को निगल लिया है। पोड़ीबाहर के अली ने इसकी जानकारी तत्काल कोरबा जिले के वन्य जीव प्रेमी जितेंद्र सारथी को दिया फिर कुछ ही देर में जितेंद्र सारथी घटना स्थल पर पहुंच कर अजगर को सुरक्षित रेस्क्यु कर उसे जंगल में छोड़ दिया।

## लायंस अध्यक्ष मिले स्वास्थ्य मंत्री से



**कोरबा।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पिछले दिनों हुए मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान विशेष जिम्मेदारी प्राप्त हुई है। पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण मामलों का दायित्व दिया है। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष और जायसवाल समाज के प्रतिनिधि शिव जायसवाल ने स्वास्थ्य मंत्री से रायपुर में उनके निवास पर मुलाकात की। अतिरिक्त जिम्मेदारी प्राप्त होने पर उन्हें बधाई दी गई।

## 42 लाख से तीन कक्ष बनेंगे पीजी कॉलेज में, मिलेगी सुविधा



**कोरबा।** शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में तीन अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 40 लाख से होगा। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह एवं समिति के सभी सदस्यों ने इसका भूमिपूजन किया। प्राचार्य भी यहां मौजूद थे।

बताया गया कि अतिरिक त कक्ष कॉलेज के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। छात्र संख्या में बढ़ोत्तरी होने से वर्तमान में उपलब्ध संसाधन नाकाफी साबित हो रहे हैं। नए निर्माण से सुविधा होगी। भवन निर्माण के संबंध में अध्यक्ष के द्वारा महाविद्यालय के प्रोफेसर से चर्चा की गई। आगे जो भी विकास कार्य के लिए चर्चा की गई और उसको पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि बेहतर सुविधा महाविद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। चंद्रलोक सिंह ने बताया कि विद्यार्थी हित में कुछ और भी काम किए जाने हैं। इसके लिए जिला प्रशासन से चर्चा की गई है। जल्द ही इस दिशा में कार्यवाही होगी। भूमि पूजन में डॉ. एस के गोभिल , सुशील कुमार गुप्ता , संदीप शुक्ला, के. एस. कंवर, डॉ. आर बी शर्मा मैडम, के. आर. टंडन , सांसद प्रतिनिधि रवि सोनी, पार्षद राकेश वर्मा, जनभागीदारी समिति सदस्य विवेक रजवाड़े, राम यादव, युराज चंद्रा, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## संग्राहकों को नहीं मिला पारिश्रमिक डिवीजन कार्यालय में किया प्रदर्शन



**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा अंतर्गत राहा बिट के ग्राम पंचायत पटपरा के आश्रित मोहल्ला बखई के लगभग 50 तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस वर्ष किए गए तेंदूपत्ता संग्रहण का पूरा पारिश्रमिक नहीं मिल पाया है। इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को बार-बार दिए जाने के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे उनमें आक्रोश है। आक्रोशित संग्राहकों ने सोमवार को कटघोरा स्थित वन विभाग के डिविजन कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और डीएफओ समेत अन्य अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए पारिश्रमिक राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फड़ प्रभारी, समिति प्रबंधक, पोषक अधिकारी व वन कर्मियों ने मिलकर पारिश्रमिक राशि को हजम कर लिया है।

## जीवन की बारीकियों को समझने का अवसर देती है फोटोग्राफी : राजेश कुमार

### बालको ने लगाया फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं कार्यशाला



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर 'मल्हार 3.0' फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बालको के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई बेहतरीन तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। आगंतुकों ने प्राकृतिक सौंदर्य और जीवन के विविध रंगों को दर्शाती तस्वीरों की सराहना की।

दो दिवसीय कार्यक्रम 'मल्हार 3.0' में 'आर्कियोलॉजिकल वंडर्स', 'नेचुरल स्केप्स' और 'कल्चर केलिडोस्कोप' प्रतियोगी थीम पर आधारित मनमोहक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में कंपनी के विरासत तथा सामुदायिक विकास यात्रा को फोटो के माध्यम से दिखाया गया। दो जजों के पैनल ने तीनों वर्ग में एक-एक विजेता का चुनाव किया। जज पैनल में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ फोटोग्राफर गोकुल सोनी तथा दिल्ली से आएं युवा फोटोग्राफर बिबेक चेत्री शामिल थे।

बालको टाउनशिप में आयोजित हुए कार्यक्रम में सेल्फी कॉर्नर के साथ-साथ आगंतुकों के लिए एक आकर्षक कॉर्नर तैयार किया गया जिसमें विंटेज क्लासिक्स कैमरों से लेकर अत्याधुनिक डिजिटल मॉडल के कैमरों को प्रदर्शनी शामिल की गई थी। दर्शकों को फोटोग्राफी उपकरण विस्तरित जानकारी दी गई। कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा स्कूल के छात्रों सहित आगंतुकों के लिए खुली यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय आनंददायक अनुभव रहा।

कार्यक्रम की सराहना करते हुए बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी हमें यह सिखाती है कि सुंदरता हर छोटे से छोटे दृश्य और क्षण में छिपी होती है। 'मल्हार 3.0' के माध्यम से कर्मचारियों के भीतर छिपी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को सामने लाने का एक सशक्त मंच मिला। ऐसे आयोजन यह साबित करते हैं कि तकनीकी दक्षता और कलात्मक दृष्टिकोण मिलकर किसी भी संगठन को नई दिशा दे सकते हैं। फोटोग्राफी हमें प्रकृति, समाज और जीवन की बारीकियों को संवेदनशील दृष्टि से समझने का अवसर देती है। कर्मचारियों की यही रचनात्मकता बालको को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने में सहायक है। लगातार तीन वर्षों से आयोजित 'मल्हार' के इस वर्ष का मुख्य आकर्षण फोटोग्राफी कार्यशाला रही, जिसमें प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स ने प्रतिभागियों को फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यशाला में कैमरा हैंडलिंग, लाइटिंग तकनीक, एंगलिंग, कंपोज़िशन और मोबाइल फोटो जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## अभद्र टिप्पणी, फूंका राहुल व कांग्रेस का पुतला



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताजी पर कांग्रेस और आरजेडी की सभा के दौरान अभद्र टिप्पणी किए जाने से देशभर में आक्रोश व्याप्त हैं। इसी क्रम में कोरबा जिले में भी भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर गुस्सा जाहिर किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने टी.पी. नगर चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर कांग्रेस की नीतियों और भाषा शैली की कड़ी आलोचना की।

इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी ने कांग्रेस और आरजेडी नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माँ के लिए अभद्र टिप्पणी की गई। कांग्रेस की पहचान गाली वाली पार्टी से बन गई है। पुतला दहन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कांग्रेस मुर्दाबाद, राहुल गांधी होश में आओ, गाली वाली कांग्रेस वापस जाओ जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, महामंत्री रामशंकर साहू, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, पि वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्रा, अजा मोर्चा अध्यक्ष सरजू अजय, रंजू यादव, सुभाष राठौर, दिव्यांश अग्निहोत्री, संजय मानिकपुरी, बृजेश यादव, दीनदयाल पटेल, रामावतार पटेल, मोंटी पटेल, साकेत शर्मा, विवेक रजवाड़े, विशाल सचदेव, पिंकू रंजन, सुजीत सिंह, प्रमोद जांगड़े, करण सोनी, श्याम साहू, श्रीधर द्विवेदी, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे, रमेश बरेठ, योगेश जायसवाल, योगेंद्र राठौर, धनंजय चौहान, चेतन वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com